

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 144

ग्वालियर, शुक्रवार, 11 फरवरी, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


# घोर परिवारवादी लोग सरकार में होते तो रास्ते में ही बिक जाती सारी वैक्सीन : मोदी

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सहारनपुर में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में किसानों के लिए किए जा रहे कामों का जिक्र किया और बताया भाजपा की सरकार क्यों जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा सहारनपुर क्षेत्र के लोगों ने ठान लिया है, जो यूपी को विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचाएगा उसको ही वोट देंगे। जो यूपी को दंगा मुक्त रखेगा, उसे ही वोट देंगे। जो हमारी बहन-बेटियों को भय मुक्त रखेगा, हम उसे ही वोट देंगे। जो अपराधियों को जेल भेजेगा, हम उसे ही वोट देंगे। पीएम मोदी ने प्रथम चरण के मतदाताओं से क्षमा मांगते हुए कहा कि मेरा यह फर्ज बनता था कि चुनाव घोषित होने के बाद उनके बीच जाऊं। लेकिन मैं जा नहीं पाया, चुनाव आयोग ने कुछ मर्यादाएं रखी थी। वर्चुअल रूप से तो उनसे मिल लिया था। मोदी ने कहा भाजपा ने यूपी चुनावों के लिए अपना जो घोषणा पत्र जारी किया है, ये घोषणा पत्र लोक कल्याण का संकल्प पत्र है। डबल इंजन की सरकार जो काम कर रही है, उसके लिए यूपी में भाजपा सरकार बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि गरीबों को कोरोना की वैक्सीन मुफ्त लगने में दिक्कत न हो, इसके लिए यूपी में भाजपा सरकार जरूरी है। क्योंकि ये घोर परिवारवादी लोग सरकार में होते तो वैक्सीन रास्ते में ही कहीं बिक जाती। किसानों का



जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि छोटे किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि का पैसा सीधे खाते में पहुंचता रहे, इसके लिए यूपी में भाजपा सरकार बहुत जरूरी है। गरीबों को इस महामारी के समय मुफ्त राशन मिलता रहे, इसके लिए यूपी में भाजपा सरकार बहुत जरूरी है। मोदी ने कहा भाजपा सरकार का यह इतिहास है, यह परंपरा है कि भाजपा सरकार जो संकल्प लेती है उसे पूरा करके दिखाती है। ये हमारी ही सरकार है, जिसने गन्ना किसानों को पहले के मुकाबले कई ज्यादा का भुगतान किया है।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा हम गन्ना किसानों को एक और परेशानी से मुक्ति दिलाने का स्थाई उपाय कर रहे हैं। हमारे गन्ना किसानों के सामने एक ऐसी समस्या होती है कि चीनी की कीमतें कम हो, या फिर चीनी मिलें बन्द हो तो गन्ना किसान परेशान हो जाता है। दुनिया के बाजार में चीनी की पैदावार बढ़ जाए, तो भी भारत मे चीनी कारखाने चीनी की पैदावार से डरते हैं, कारखाने बंद करते हैं, गन्ना किसान को परेशानी होती है। उन्होंने कहा गन्ना किसानों को जितना पैसा, पहले की सरकारों को 10 साल में मिला था उससे ज्यादा राशि योगी आदित्यनाथ की सरकार ने उन्हें दी है। मोदी ने दावा किया कि योगी सरकार यूपी के अलग-अलग जिलों को अच्छी सड़कों से जोड़ रही है, कनेक्टिविटी बढ़ा रही है। गंगा एक्सप्रेसवे, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे, दिल्ली-सहारनपुर फोरलेन, सहारनपुर एयरपोर्ट, यूपी में इतनी तेजी से, इतने बड़े-बड़े काम पहले कभी नहीं हुए।

## जावेद अख्तर बोले- हिजाब-बुर्का का समर्थन नहीं करता पर धमकाने वाले गुंडों की निंदा करता हूं

**मुंबई।** कर्नाटक में हिजाब विवाद पर उठा बवाल अभी शांत नहीं हुआ था कि इस बीच, तेलंगाना से 'बुर्का-विवाद' सामने आ गया है। हर मुद्दे पर अपनी राय देने वाले मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने इस



मामले पर अपनी प्रतक्रिया दी है। उन्होंने एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने साफ कहा कि वह इसके समर्थन में नहीं हैं, लेकिन लड़कियों को डराने और धमकाने वालों की निंदा करते हैं। जावेद अख्तर सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं और अक्सर देश में चल रहे मुद्दों पर अपनी राय खुलकर रखते हैं। पांच राज्यों में होने वाले चुनाव के बीच अचानक उठे हिजाब और बुर्का विवाद पर उन्होंने एक ट्वीट कर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने ट्वीट कर लिखा- 'मैं कभी भी हिजाब या बुर्का के पक्ष में नहीं रहा। मैं अब भी उस पर कायम हूं, लेकिन साथ ही मेरे मन में इन गुंडों की भीड़ के लिए गहरी अवमानना के अलावा और कुछ नहीं है, जो लड़कियों के एक छोटे समूह को डराने-धमकाने की असफल कोशिश कर रहे हैं। क्या ये उनके हिसाब से मर्दानगी है। ये अफसोसजनक है।'

## पीएम मोदी के बयान पर राहुल गांधी का पलटवार, बोले 'मैं क्यों सुनूं उनकी'

**हरिद्वार।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और विरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक इंटरव्यू में उनके निशाना साधने पर तल्ख जवाब दिया है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा कही गई उस बात कि 'मैं



उस व्यक्ति को कैसे जवाब दूं जो नहीं सुनता, और सदन में नहीं बैठता है?' पर पलटवार करते हुए कहा कि उनके कहने का मतलब है कि मैं जितना भी दबाव डालूं, यह पीछे नहीं हटता, सुनता नहीं है। राहुल गांधी ने उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित मंगलौर में 'उत्तराखंडी स्वाभिमान' रैली को संबोधित करते हुए ये बात की। उन्होंने इस रैली में पीएम नरेंद्र मोदी के इंटरव्यू का जिक्र करते हुए कहा कि कल पीएम नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू दिया। पता नहीं आपने देखा नहीं देखा की नहीं। उसमें नरेंद्र मोदी कहते हैं कि राहुल, सुनता नहीं है। उस लाइन का मतलब आप समझे? मैं बताता हूं उस लाइन का मतलब यह है कि राहुल पर ईडी और सीबीआई का दबाव नहीं चलता। उनके यह कहने का मतलब है कि यह मेरी नहीं सुनता। इससे मैं जितना भी दबाव डाल दूं, यह पीछे नहीं हटता। सुनता नहीं है। इस पर राहुल गांधी ने आगे कहा कि मैं क्यों सुनूं पीएम नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी करके, जीएसटी लागू करके हिंदुस्तान के लोग छोटे व्यापारियों, मजदूरों को बर्बाद कर दिया।

# शामली और मुजफ्फरनगर में जमकर मतदान 5 बजे तक कुल 57.79 प्रतिशत वोटिंग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन के लिए सात चरणों में होने वाले मतदान में पहले चरण की वोटिंग धूप निकलने के साथ बढ़ती जा रही है। कोहरे तथा ठंड के बाद धीमी गति से शुरू मतदान ने अब गति पकड़ ली है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2002 में पहले चरण के मतदान में 11 जिलों के 58 विधानसभा क्षेत्र में एक बजे तक 35.03 प्रतिशत मतदान हो गया था। प्रात~ सात बजे से शाम छह बजे तक होने वाले मतदान में आज प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के नौ मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी।



### मुजफ्फरनगर जिले में सबसे ज्यादा वोटिंग

यूपी के पहले चरण के मतदान में 5 बजे तक कुल 57.79 प्रतिशत मतदान हो गया है। मुजफ्फरनगर जिले में सबसे ज्यादा 62.14 प्रतिशत मतदान हुआ, वहीं सबसे कम गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में हुआ। दोनों जिलों में 54.77 औसत वोटिंग हुई। शामली में 61.78 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार मेरठ में 58.52, बागपत में 61.35, हापुड़ में 60.50, बुलंदशहर में 60.52, अलीगढ़ में 57.25, मथुरा में 58.51 तथा आगरा में 56.61 प्रतिशत मतदान हो गया था।

### शामली के साथ मुजफ्फरनगर में वोटर उमड़े

पहले चरण के मतदान में 11 जिलों के वोटर सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर पहुंचे थे। मतदान प्रक्रिया के दो घंटे के बाद शामली में मतदान जो गति पकड़ी उसको तीन बजे तक बरकरार रखा। तीन बजे तक कुल 48.24 प्रतिशत वोटिंग हो गई थी। शामली में सर्वाधिक 53.13 तो सबसे कम मतदान गाजियाबाद में हुआ। यहां पर 44.88 प्रतिशत वोट पड़े। तीन बजे तक शामली में 53.13, मुजफ्फरनगर में 52.23, मेरठ में 47.86, बागपत में 50.21, गाजियाबाद में 44.88, हापुड़ में 51.67, गौतमबुद्धनगर में 48.29, बुलंदशहर में 50.81, अलीगढ़ में 45.89, मथुरा में 49.17 तथा आगरा में 47.53 प्रतिशत मतदान हो गया था।

### शामली में लगातार गति पर मतदान

पहले चरण के मतदान में 11 जिलों के वोटर सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर पहुंचे थे। पहले दो घंटे के बाद शामली में मतदान जो गति पकड़ी उसको एक बजे तक बरकरार रखा। एक बजे तक कुल 35.05 प्रतिशत वोटिंग हो गई थी। शामली में सर्वाधिक 41.16 प्रतिशत वोट पड़े थे जबकि सबसे कम मतदान गौतमबुद्धनगर में 30.53 प्रतिशत हुआ। एक बजे तक शामली में 41.16, मुजफ्फरनगर में 35.73, मेरठ में 34.51, बागपत 38.01, गाजियाबाद 33.40, हापुड़ 39.97, गौतमबुद्धनगर में 30.53, बुलंदशहर में 37.03, अलीगढ़ में 32.07, मथुरा में 36.26 तथा आगरा में 36.93 प्रतिशत मतदान हो गया था।

इससे पहले कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 58 सीटों पर हो रहे मतदान में पहले चार घंटे में 20.03 प्रतिशत मतदान हुआ। पहले दो घंटे में जहां 7.93 प्रतिशत वोट पड़े थे, वहीं अगले दो घंटे में मतदान प्रतिशत दोगुणे से अधिक बढ़ गया है। 11 बजे तक कुल 20.03 प्रतिशत मतदान हो गया। शामली में सर्वाधिक 22.83 प्रतिशत वोट पड़े हैं तो सबसे कम 17.91 प्रतिशत मतदान अलीगढ़ में हुआ है। नौ से 11 बजे से बीच में आगरा में 20.30, अलीगढ़ में 19.91, बागपत में 22.30, बुलंदशहर में 21.34, गौतमबुद्ध नगर में 19.23, गाजियाबाद में 18.24, हापुड़ में 22.80, मथुरा में 20.73, मेरठ में 18.54, मुजफ्फरनगर में 22.65 तथा शामली में 22.83 प्रतिशत मतदान हो गया था।

### केन्द्रीय मंत्री प्रो एसपी बघेल ने आगरा और डा. संजीव बालियान ने मुजफ्फरनगर में किया मतदान

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में पहले चरण के मतदान में केन्द्र सरकार में राज्य मंत्रियों ने भी मतदान किया। आगरा में केन्द्र सरकार में कानून राज्य मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल ने वोट डाला। इस बार विधानसभा चुनाव में मैनपुरी के करहल में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के खिलाफ भाजपा के प्रत्याशी प्रो बघेल ने मतदान के बाद कहा कि मैं तो सौ किलोमीटर दूर से यहां वोट डालने आया हूं। यह लोकतंत्र का सबसे खूबसूरत त्योहार है। लोग घर से निकलें, वोट डाले। घर में बैठकर सरकारों की आलोचना ना करें।

## खास खबर

### चुनाव प्रचार के दौरान गिरा बिजली का तार, बाल-बाल बचीं प्रियंका

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के प्रचार के आखिरी दिन 8 फरवरी को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव



और उत्तर प्रदेश मामलों की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने मेरठ, आगरा और मथुरा जिलों में रोड शो में हिस्सा लिया। मथुरा में शोड शो के दौरान प्रियंका गांधी के काफिले पर अचानक बिजली का तार गिर गया, जिससे वह बाल बाल बच गई। दरअसल, प्रियंका का काफिला चुनाव प्रचार करते हुए मथुरा के छत्ता बाजार के अंदर से गुजर रहा था। गली के बीच से गुजरते समय बिजली का एक तार प्रियंका गांधी के चेहरे के एकदम नजदीक आ गया। सतर्क सुरक्षाकर्मियों ने बिजली के तार को समय रहते हटा दिया। नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### ट्रक के पीछे टकराई तेज रफ्तार कार, दो युवकों की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

**अहमदाबाद।** शहर के रामोल क्षेत्र में बुधवार की रात करीब दो बजे ट्रक के पीछे एक तेज रफ्तार कार घुस गई टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार 2 युवकों की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से जख्मी हो गए फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद कार में फंसे युवकों को बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया गया जानकारी के मुताबिक अहमदाबाद के रामोल क्षेत्र के जामफलवाडी कैनाल के निकट खड़े ट्रक के पीछे एक कार तेज धमाके के साथ टकरा गई7रात करीब दो बजे हुए इस हादसे के बाद आसपास के लोग घटनास्थ पर पहुंच गए और एम्ब्युलैंस 108 की घटना की जानकारी दी ट्रक और कार के बीच भिडंत इतनी जबर्दस्त थी कि कार के चीथड़े उड़ गए और उसमें सवार पांच युवक बुरी तरह फंस गए जिन्हें बाहर निकालने के लिए फायर ब्रिगेड की मदद ली गई फायर विभाग के जवानों ने हाइड्रोलिक कटर ब्रेकर और कोम्बी टूल की मदद से कार के सभी दरवाजे काटकर उसमें फंसे युवकों को बाहर निकाला गंभीर हालत में पांचों युवकों को तुरंत अस्पताल पहुंचा गया जिसमें दो युवकों की मौत हो गई पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### यूपी में कोई माई का लाल कांवड़ यात्रा बंद नहीं करवा सकताः योगी

**सहारनपुर।** पांच साल पहले भाजपा कुछ संकल्प लेकर आई थी, गुंडाराज समाप्त, बेटी को सुरक्षा, अपराधियों को भगाएंगे। आज जब



भाजपा की डबल इंजन की सरकार 5 साल बाद आई है तो यह कह सकते हैं कि बड़े बड़े माफिया जो पहले आम लोगों का जीना मुश्किल किये थे, बहू बेटियों को परेशान करते थे, वो बदमाश या तो जा चुके हैं या उन पर बुलडोजर चल चुका है। किसी बेटी को कोई भय नहीं कहीं भी बेटी जा सकती है। भाजपा ने अपना वादा पूरा किया। सीएम योगी ने यह बातें यहा कहीं। उन्होंने कहा कि एआहारणपुर सीमांत जिला था, इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता यहां, भाजपा सरकार में मैंने ही 15 बार भृमण किया। विकास की योजना बनाई, यूनिवर्सिटी दी, यहां विकास नहीं आता था, पिछ्ली सरकारें यहां बिजली नहीं दे पाई तो डार्कजोन बना दिया वो अंधेरे में रहने के आदि थे। हमने डार्कजिन को ख़त्म कर 24 घंटे बिजली दी, घर घर शुद्ध जल भिजवाने का काम किया। जो लोग पहले यहां दंगे करतवाते थे, मुजफ्फरनगर दंगा, सिख दंगा, कैराना, कांधला को कोई भूल नहीं पाया होगा। मुजफ्फरनगर दंगे कोई भुला नहीं होगा। एक लड़का लखनऊ से दंगा करवा रहा, दूसरा दिल्ली में तमाशा देख रहा था। कोसी का दंगा या कोई भी दंगा रहा हो। दंगों की सीरीज चलती थी। सरकार कर्फ़्यू लगाती थी पर्व और त्योहार नहीं मनाने देती थी। हमने कर्फ़्यू हटाया और कांवड़ यात्रा भी हमने ही चालू की। आज यूपी में कोई माई का लाल कांवड़ यात्रा को नहीं रोक सकता।

## पहले चरण के मतदान के बीच ने घोषित कर दिया रिजल्ट इस बार अलग होंगे नतीजेः राकेश टिकैत



**नई दिल्ली।** यूपी विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण की वोटिंग के बीच ही किसान नेता राकेश टिकैत ने रिजल्ट का भी ऐलान कर दिया है। राकेश टिकैत ने गुरुवार को कहा कि मुजफ्फरनगर में शांति ने 2013 की स्थिति की जगह ले ली है और इस बार चुनाव के नतीजे अलग होंगे। गौरतलब है कि 2013 में हुए दंगों के बाद पिछले चुनाव में भाजपा को भारी सफलता मिली थी। इस बार के चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा की तरफ से दंगों को बार-बार मुद्दा भी बनाने की कोशिश की गई। 2013 में मुजफ्फरनगर जिले में हुए सांप्रदायिक दंगों का जिक्र करते हुए भारतीय किसान संघ (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि 2013 का परिणाम एक ट्रायल था। उस ट्रायल के स्टेडियम को ही इस बार ध्वस्त कर दिया गया है। जिन स्टेडियमों में ये मैच खेले गए थे, वह अब ध्वस्त हो चुके हैं। जिले में वोट डालने के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि पूर्व स्थिति की जगह शांति ने ले ली है और इस बार नतीजे पहले जैसे नहीं होंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या नया मैच खेला जा रहा है। टिकैत ने कहा कि नया मैच पहले ही खेला जा चुका है और इसका परिणाम दिखाई देगा।

इससे पहले लखीमपुर हिंसा में गिरफ्तार केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को जमानत मिलने पर भी उन्होंने उंगली उठाई। राकेश टिकैत ने कहा कि वह इस बात को यूपी में बीजेपी के खिलाफ प्रचारित करेंगे। उन्होंने गंभीर मामले में जल्दी जमानत मिलने की बात कहकर कहा कि कोई आम आदमी होता तो क्या इतनी जल्दी बेल मिलती? राकेश टिकैत ने फोन पर कहा कि कोर्ट पर क्या कह सकते हैं, बेल दे दी। हमारा तो यह कहना है कि 302 के इतने गंभीर मामले में दूसरे लोगों को भी बेल मिली हो तो ठीक है, नहीं मिली हो तो देख लो।

## नेहरू चाहते तो 1947 में ही आजाद हो गया होता गोवा : शाह

**बिचोलिम।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का नेतृत्व निर्णायक होता, तो गोवा को देश के बाकी हिस्सों की तरह 1947 में ही आजादी मिल जाती। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा सशस्त्र बलों को गोवा को पुर्तगाली शासन से मुक्त करने का आदेश दिया जाता यह राज्य आजादी के साथ ही आजाद हो गया होता। दोनों नेताओं ने गोवा में 14 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए रैलियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। शाह ने यहां आयोजित एक जनसभा में कहा कांग्रेस ने हमेशा गोवा के साथ अन्याय किया है। चाहे आजादी हासिल करने की बात हो या विकास की। उन्होंने कहा इतिहास गवाह है। अगर नेहरू का नेतृत्व निर्णायक होता, तो गोवा भी देश के बाकी हिस्सों की तरह 15



अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता प्राप्त कर लेता। गोवा 19 दिसंबर 1961 को लगभग 450 साल पुराने पुर्तगाली शासन से आजाद हुआ था। उन्होंने कहा काफी संघर्ष के बाद, गोवा को आजादी मिली। इसे हासिल करने में काफी समय लगा। कल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में अपने संबोधन में यह मुद्दा उठाया कि गोवा को इतनी देर से आजादी मिलने के लिए कौन जिम्मेदार है? शाह ने कहा गोवा में मतदाताओं के सामने केवल दो विकल्प हैं-एक कांग्रेस पार्टी है, जिसका नेतृत्व राहुल गांधी कर रहे हैं और दूसरा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पोंडा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा गोवा को 1947 में ही आजाद कर दिया गया होता, अगर सशस्त्र बलों को इसे पुर्तगाली शासन से मुक्त करने का आदेश दिया जाता। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर चीन-पाकिस्तान मित्रता और 2020 गलवान घाटी संघर्ष पर उनके बयानों को लेकर निशाना साधा। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस के शासन के दौरान ही चीन और पाकिस्तान घनिष्ठ मित्र बन गए थे। उन्होंने कहा मैं राहुल गांधी को याद दिलाना चाहता हूं कि जब पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रधानमंत्री थे।

## भुलाया जा रहा हिन्दू धर्म पीएम मोदी वोटिंग से पहले बन जाते हैं संतः ममता बनर्जी

**नई दिल्ली।** टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, वे भाजपा सब कुछ नष्ट कर रहे हैं। इतिहास बदल रहे हैं। दलितों, आदिवासियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। मूल हिंदू धर्म को भुलाया जा रहा है, लेकिन जब चुनाव आता है तो वो (पीएम मोदी) साधु बन जाते हैं। वे खुद को संत के रूप में प्रस्तुत करते हैं। इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर उन्होंने कहा उन्होंने दिल्ली में पहले अमर जवान ज्योति को हटाया और नेताजी का होलोग्राम लगाया। अब होलोग्राम भी गायब है। चुनाव आने पर ही उन्हें आइकन का नाम याद रहता है। गौर हो कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी की जयंती के



अवसर पर इंडिया गेट पर सुभाष चंद्र बोस की होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण किया था। होलोग्राम को तब तक प्लेसहोल्डर के रूप में कार्य करना चाहिए था जब तक कि उसी स्थान पर स्थापित होने वाली ग्रेनाइट की मूर्ति पूरी नहीं हो जाती। कोविड -19 महामारी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए बंगाल सीएम ममता बनर्जी ने सवाल किया कि पीएम केयर्स फंड में दान के रूप में प्राप्त करोड़ों रुपये का क्या किया गया? ये किसी को नहीं पता। कोविड के कारण इतने लोगों की मौत के बाद आपको कोई शर्म नहीं है। लोग भुगत रहे हैं, रो रहे हैं। कहां है पीएम केयर्स फंड के लाखों और करोड़ रुपये उन्होंने लोगों को जारी किए गए कोविड -19 टीकाकरण प्रमाण पत्र पर पीएम मोदी की तस्वीर का मुद्दा भी उठाया। कहा कि इंजेक्शन लगाने पर मोदी जी की तस्वीर दिख रही है। वह पैसा किसका है समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आमंत्रित की गई ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा राज्य के लोगों से अपने काम के बारे में झूठ बोल रही है।

न्यूज़ ट्रैक....

## रहाणे, पुजारा सहित चार खिलाड़ियों का करियर समाप्त होने की ओर

**मुम्बई** । भारतीय टीम के चार सीनियर खिलाड़ियों का करियर समाप्त होने की ओर बढ़ रहा है। घरेलू जमीन पर श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए इन खिलाड़ियों को जगह मिलने की कोई संभावना नजर नहीं आती है। ये खिलाड़ी हैं पूर्व उप-कप्तान अजिंक्य रहाणे , बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा , तेज गेंदबाज इशांत शर्मा और विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'चयनकर्ता कुछ उभरते हुए खिलाड़ियों को आजमाना चाहते हैं। खिलाड़ियों को व्यक्तिगत तौर पर चयनकर्ताओं ने इस बारे में संकेत भी दिये हैं। कोच राहुल द्रविड़ और टीम प्रबंधन से बात के बाद यह तय किय गया है। रहाणे और पुजारा पिछले 2 साल से टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। इन दोनो को ही रणजी ट्रॉफी में खेलकर फॉर्म हासिल करने के लिए कहा गया है। दोनों खिला?ी अपनी राज्य टीम से फर्स्ट क्लास टूर्नामेंट में उतर रहे हैं। यहां उनके प्रदर्शन के आधार पर ही उनका आगे का करियर निर्भर करेगा। वहीं इशांत और साहा की उम्र अब बढ़ती जा रही है। ऐसे में इन दोनो की जगह युवाओं को अवसर मिलना तय है। चयनकर्ताओं को लगता है कि इशांत और साहा दोनों का अच्छा समय बीत गया है। इन दोनो ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है पर अब इनसे आगे बढ़ने का समय आ गया है।

## बारी को विकेटकीपिंग सलाहकार बनाने पर उठा विवाद

**कराची** । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व क्रिकेटर वसीम बारी को हाई परफोर्मेंस सेंटर में विकेटकीपिंग सलाहकार नियुक्त करने पर विवाद उठा है। पीसीबी ने कहा कि उसने पाकिस्तान क्रिकेट के लिए बार की सेवाओं को देखते हुए उन्हें विकेटकीपिंग सलाहकार बनाया है। वहीं पीसीबी के इस तर्क से पूर्व क्रिकेटर सहमत नहीं हैं । इन लोगों का कहना है कि बारी हाई परफोर्मेंस सेंटर के निदेशक के रूप में काम कर रहे थे पर उनका अनुबंध 31 दिसंबर को ही समाप्त हो गया और उन्होंने तीन महीने का विस्तार देने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा ने पूर्व कप्तान के सम्मान में, विशेष पद बनाने के लिए कहा था और बारी के लिए तीन महीने के विस्तार को मंजूरी दी थी।

## पहले एकदिवसीय मुकाबले से बाहर रहेंगी मंधाना

**क्वींसटाउन** । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रमुख बल्लेबाज स्मृति मंधाना न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां शनिवार को खेले जाने वाले पहले एकदिवसीय मैच में नहीं खेलेंगी। मंधाना को अन्य खिलाड़ियों मेघना सिंह और रेणुका सिंह के साथ अभी पृथकवास में कुछ और दिन रहना होगा। वहीं बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने कहा है कि स्मृति, मेघना और रेणुका अभी न्यूजीलैंड सरकार द्वारा लागू अनिवार्य आइसोलेशन में हैं। फिलहाल हम यही कह सकते हैं।

### दूसरे वनडे में रचे गए कई इतिहास

# वेस्टइंडीज के खिलाफ 15 साल से वनडे सीरीज नहीं हारा भारत

**अहमदाबाद।** टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को दूसरे वनडे मैच में 44 रन से हराकर 3 मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। ङ्खढ्ढ के सामने 238 रन का टारगेट था, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज 46 ओवर में 193 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। शमर ब्रुक्स (44) टॉप स्कोरर रहे। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा के खाते में 4 विकेट आए। इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए टीम इंडिया ने 237/9 का स्कोर बनाया। सूर्यकुमार यादव (64) टॉप स्कोरर रहे। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ और ओडीयन स्मिथ ने 2-2 विकेट चटकाए। तीसरा मुकाबला 11 फरवरी को खेला जाएगा। दूसरे मुकाबले के दौरान कई बड़े रिकार्ड्स देखने को मिले...




## सूर्यकुमार यादव ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

दूसरे मैच में सूर्यकुमार यादव ने 64 रन की शानदार पारी खेली। ये वनडे करियर में उनका दूसरा 50+ स्कोर है। सूर्यकुमार अपने पहले 6 वनडे मैचों की सभी पारियों में 30+ स्कोर बनाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। वनडे डेब्यू के बाद यादव ने पहली छह पारियों में हर बार कम से कम 30 रन जरूर बनाए हैं। उनसे पहले दुनिया के किसी भी बल्लेबाज ने ऐसा नहीं किया था। इंग्लैंड के टेस्ट कैप्टन जो रूट ने अपने पहले 6 वनडे मैचों की पांच पारियों में 30+ का स्कोर बनाया था।

## कोहली का घरेलू मैदानों पर 100वां वनडे

विराट कोहली का भारतीय धरती पर ये 100वां वनडे मैच रहा। ये उपलब्धि हासिल करने वाले कोहली 5वें भारतीय खिलाड़ी बने। पूर्व भारतीय कप्तान की वनडे फॉर्मेट में ये 250वीं पारी भी रही। भारत के लिए 250 वनडे पारियों में बैटिंग करने वाले कोहली 7वें खिलाड़ी बने। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर (452), राहुल द्रविड़ (314), मोहम्मद अजहरुद्दीन (308), सौरव गांगुली (297), एमएस धोनी (294) और युवराज सिंह (275) के नाम आते हैं।

## पंत बने 3 हजारी, छाए रहे प्रसिद्ध कृष्णा

दूसरे वनडे में ऋषभ पंत 34 गेंदों पर 18 रन बनाकर आउट हुए। मैच में पारी का पहला रन बनाने के साथ ही ऋषभ पंत ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 3 हजार रन भी पूरे कर लिए। 2018 में भारत के लिए पहला मैच खेलने वाले ऋषभ पंत तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया के अहम खिलाड़ियों में से एक हैं। दूसरे मुकाबले में वह पहली बार वनडे क्रिकेट में ओपनिंग करने मैदान पर उतरे थे। मैच में तेज गेंदबाद प्रसिद्ध कृष्णा ने केवल 12 रन देकर 4 विकेट चटकाए। सबसे कम रन देकर 4 विकेट लेकर लेने वाले कृष्णा तीसरे भारतीय गेंदबाज बने।

## 100वें एकदिवसीय मुकाबले में शतक नहीं लगा पाये विराट


**नई दिल्ली** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली अपने 100वें एकदिवसीय मुकाबले में भी शतक नहीं लगा पाये है। विराट वेस्टइंडीज के खिलाफ 30 गेंद खेलकर केवल 18 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। वह ओडियन स्मिथ की गेंद पर आउट हुए। इस प्रकार विराट का



अपने 71वें अंतरराष्ट्रीय शतक का इंतजार भी बढ़ता जा रहा है। उन्होंने अपना पिछला अंतरराष्ट्रीय शतक नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ ईडन गार्डन्स के मैदान पर लगाया था। यह शतक उन्होंने टेस्ट मैच में लगाया उसके बाद से ही विराट अपने 71वें अंतरराष्ट्रीय शतक के लिए तरस रहे हैं।

# आईसीसी रैंकिंग में रोहित तीसरे जबकि विराट दूसरे स्थान पर






**दुबई** । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में भारतीय क्रिकेट टीम के सीमित ओवरों के प्रारुप के कप्तान रोहित शर्मा तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। रोहित को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के पहले मैच में अपनी अर्धशतकीय पारी से अहम रेटिंग अंक हासिल किए हैं। इसके साथ ही उनका पूर्व कप्तान विराट कोहली के साथ रेटिंग अंतर कम हो गया है। विराट अभी भी दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। विराट के 828 रेटिंग अंकों के मुकाबले रोहित के नाम 807 रेटिंग अंक हैं। वहीं पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शीर्ष स्थान पर कायम हैं जबकि उनके ही साथी खिलाड़ी फखर जमां और इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट शीर्ष दस में पहुंच गये हैं। वेस्टइंडीज के शाई होप शीर्ष-10 से बाहर हो गए हैं। दूसरी ओर गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसमें भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 7वें स्थान पर बने हुए हैं। वहीं ऑलराउंडरों की सूची में भारत के रवींद्र जडेजा आठवें स्थान पर हैं जबकि भारत के खिलाफ पहले एकदिवसीय में अर्धशतक लगाने वाले वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर चार स्थान के सुधार के साथ ही शीर्ष 20 में पहुंच गए हैं। बल्लेबाजों की सूची में ओमान के जतिंदर सिंह 26 स्थानों के लाभ के साथ ही शीर्ष 100 में पहुंच गए हैं।






# जेनेलिया का वीडियो खूब हो रहा वायरल



जेनेलिया का वीडियो खूब हो रहा वायरल आजकल बॉलीवुड एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह बॉलीवुड एक्टर जितेंद्र की स्टाइल में टेनिस खेलती नजर आ रही है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में जितेंद्र का सुपरहिट गाना ढल गया दिन हो गई शाम बज रहा है। जेनेलिया के इस वीडियो में उनका चुलबुला अंदाज फैन्स को काफी अच्छा लग रहा है और वह जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। आजकल बॉलीवुड एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह बॉलीवुड एक्टर जितेंद्र की स्टाइल में टेनिस खेलती नजर आ रही है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में जितेंद्र का सुपरहिट गाना ढल गया दिन हो गई शाम बज रहा है। जेनेलिया के इस वीडियो में उनका चुलबुला अंदाज फैन्स को काफी अच्छा लग रहा है और वह जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। वीडियो में एक्ट्रेस का अंदाज काफी प्यारा लग रहा है। इसे शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, एक्टिंग करने की कोशिश। इस वीडियो में जेनेलिया का अंदाज देखने लायक है। जेनेलिया के इस वीडियो को लेकर जहां कुछ फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं तो वहीं कुछ यूजर उनसे दोबारा बॉलीवुड से जुड़ने की बात कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले भी एक्ट्रेस ने अपने पति और एक्टर रितेश देशमुख के साथ कई वीडियो शेयर किये हैं। जेनेलिया डिसूजा और रितेश देशमुख का कुछ दिनों पहले वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें एक्टर अपनी पत्नी और दोस्तों के साथ पूल साइड खड़े होकर डांस करते हुए नजर आ रहे थे। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है। एक्ट्रेस के करियर की बात करें तो उन्होंने फिल्म तुझे मेरी कसम से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने तेलुगू फिल्मों में भी खूब पहचान बनाई। बॉलीवुड में जेनेलिया डिसूजा ने जाने तू या जाने ना और मस्ती जैसी फिल्मों कई फिल्मों में नाम कमाया। बता दें ?कि जेनेलिया डिसूजा इन दिनों भले ही फिल्मों

## पलक जल्द विवेक ओबेरॉय के साथ आएंगी नजर

एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी जल्द ही बॉलीवुड में एंट्री करने वाली हैं। बेहद स्टाइलिश और खूबसूरत पलक तिवारी फिल्म रोजी-द सैफरन चैप्टर से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं।



इस फिल्म में उनके साथ विवेक ओबेरॉय हैं। इस फिल्म को विशाल रंजन मिश्रा डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म की कहानी दिल्ली एनसीआर के गुरुग्राम की है। सच्ची घटना पर आधारित ये कहानी कॉल सेंटर में काम करने वाली लड़की की है जो अचानक शहर से लापता हो जाती है। फिल्म में हॉरर के साथ-साथ रोमांस का तड़का भी देखने को मिलेगा। बता दें कि पलक आए दिन अपनी दिलकश अंदाज और नए नए पोज में फोटो खिंचवाती रहती हैं। अपनी सारी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर भी करती हैं। इनकी फोटो किसी को भी दीवाना बना सकती हैं। सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकी पलक अपने ग्लैमरस लुक और मेकअप स्किल्स की वजह से काफी पसंद की जाती हैं। पलक की खासियत ये है कि मिनी ड्रेस, मिनी स्कर्ट से लेकर वन पीस ड्रेस हर तरह की ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखती हैं, लेकिन अब पलक तिवारी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से दूरी बना ली है। पलक ने अपने सौतेले पिता अभिनव कोहली के खिलाफ डॉमेस्टिक वॉयलेंस का आरोप लगाते हुए इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था, जो काफी सुर्खियों में रहा। पलक तिवारी श्वेता तिवारी की पहले पति राजा चौधरी की इकलौती संतान हैं।

## अयूब खान के नम्र व्यवहार से प्रभावित हुंः करन खंडेलवाल

टीवी और फिल्मों के नए अभिनेताओं को अपने वरिष्ठ अभिनेताओं से बहुत कुछ सीखने मिलता हैं। लंबे समय से उद्योग में होने के नाते, अनुभवी अभिनेताओं के पास बहुत सारा ज्ञान और



अनुभव होता हैं जो युवा, महत्वाकांक्षी अभिनेताओं को मार्गदर्शक देने में मदद कर सकता हैं। दंगल टीवी के शो रंजू की बेटियां में लकी का किरदार निभाने वाले अभिनेता करन खंडेलवाल कहते है कि अयूब खान, दीपशिका नागपाल और रीना कपूर जैसे कलाकारों के साथ काम करना शो की सबसे अच्छी बात है। अपने अनुभव के बारे में साझा करते हुए, करन कहते हैं, शो में मैं अयूब खान और दीपशिखा नागपाल के बेटे का किरदार निभा रहा हूं जो एक अमीर, बिगड़ैल लड़का है। इस किरदार को निभाना मजेदार है।

# मुझे मेरे किरदार रंजू के लिए बिहारी लहजा सीखना पड़ाःरीना कपूर



अभिनय एक ऐसा शिल्प है जिसमें दिए गए चरित्र की बारीकियां पकड़ कर उसे अच्छी तरह निभाना अनिवार्य है। एक अभिनेता अपने किरदार को सही तरह पकड़ने के लिए उसकी बोली पकड़ने कि कोशिश करता है और यहां तक कि उसका चलने का ढंग भी सीखता है। रीना कपूर, जो वर्तमान में दंगल टीवी के नए शो रंजू की बेटियां में शीर्षक भूमिका में दिखाई दे रही हैं, ने चरित्र के लिए अपने तय्यारी के तरीके साझा किए हैं। वह उल्लेख करती है कि उन्हे रंजु को वास्तव में चित्रित करने के लिए बहुत कुछ सीखना है। यह मुजफ्फरपुर, बिहार में आधारित एक कहानी है। इसलिए, मुझे उस जगह की बोली सीखनी पड़ी। वे श को स के रूप में उच्चारण करते हैं और यह कुछ ऐसा था जिस पर मुझे काम करना था। इसके अलावा, रंजू बहुत ज्यादा पढ़ी - लिखी नहीं है, इसलिए मैं उस स्वर में बात करने की कोशिश करती हूं, जहां वह 'फोन' को 'फ्होन' कहती है। इसलिए, जब भी मुझे अपने शॉट्स के बीच समय मिलता है, मैं अपनी स्क्रिप्ट पढ़ती हूं और एक सामान्य बिहारी महिला की तरह टोन को परफेक्ट करने की कोशिश करती हूं। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कहूंगी कि यह बहुत मुश्किल है क्योंकि यह ऐसा कॉन्सेप्ट है जो हम अपने आस-पास देखते हैं और यह मेरे लिए बहुत अलग या नया नहीं है। सौभाग्य से, मैंने इसका अनुभव नहीं किया होगा, लेकिन दुर्भाग्य से, मैंने इसे अपने आसपास देखा है। तो नहीं, चरित्र को समझना मुश्किल नहीं था। लेकिन मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस किरदार

# 'नो एंट्री' के सीक्वल से बॉलीवुड में वापसी कर सकते है फरदीन खान

बॉलीवुड के गलियारों में काफी फिल्मो को लेकर चर्चा सामने आती रहती है । 2021 में बॉलीवुड के कलाकार फिल्मो में वापसी के लिए तैयार है। उन्ही कलाकारों में से एक है फरदीन खान। फरदीन खान बॉलीवुड की कई फिल्मो में काम कर चुके है लेकिन अपनी निजी जिंदगी के चलते उन्हें फिल्मो से दूर होना पड़ा था।



फिल्मो से दूर होने के बाद फरदीन खान का वजह काफी बढ़ गया था जिसके चलते वह काफी ट्रोल भी हुए थे। वही अब हाल ही में फरदीन खान की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी जबरदस्त तरीके से वायरल हो रही थी। उनकी नयी तस्वीरों में फरदीन का टांसफोर्मशन देखकर हर किसी के होश उड़ गए थे जो काफी जबरदस्त नज़र आ रहा था।

इसी बिच अब फरदीन खान के बॉलीवुड में वापिस को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ यही है। खबरों की माने फरदीन फिल्म 'नो एंट्री' के सीक्वल में नज़र आने वाले है। इसी बिच नो एंट्री के मेकर्स डायरेक्टर अनीस बज्मी ने कहा इस फिल्म को लोगो ने काफी पसंद किया था और भी इस फिल्म का सीक्वल बनाना चाहता हूँ। मेने इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम करना भी शुरू कर दिया है। फरदीन खान को लेकर कहा-फरदीन खान मेरे बहुत अच्छे दोस्त है।

## फिल्म सुस्वागतम खुशामदीद से बालीवुड में डेब्यू करेंगी इसाबेला कैफ



बॉलीवुड की सफल एक्ट्रेस कैटरीना कैफ की बहन इसाबेला कैफ ने अब फिल्मी दुनिया की ओर रुख किया है। वह फिल्म सुस्वागतम खुशामदीद से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ एक्टर पुलकित सम्राट लीड रोल में हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन धीरज कुमार ने किया है। हाल ही में पूरी हुई इस फिल्म की शूटिंग की अक्सर तस्वीरें सोशल मीडिया पर आती रहती थी। इसाबेला कैफ खुद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी नई-नई फोटो और वीडियो करती रहती हैं। इसाबेल की फैन फॉलोइंग भी काफी है। इसाबेला कैफ भी अपनी बहन कटरीना की तरह काफी ग्लैमरस और खूबसूरत है। इसाबेला अक्सर अपनी बहन और बॉलीवुड स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ के साथ नजर आती है। सूत्रों के मुता?बिक, इसाबेला फिल्म के सेट पर काफी उत्साहित रहती हैं। इसाबेल ने अपनी आने वाली फिल्म के बारे में इंस्टाग्राम अकाउंट पर जानकारी दी। इसाबेल ने पुलकित सम्राट के साथ एक फोटो शेयर किया है। इसाबेला के को एक्टर पुलकित सम्राट भी उनकी तारीफ करते हैं।

# मेरी मां ने मुझसे कहीं ज्यादा झेला है : सारा अली खान



बॉलीवुड की नई पीढ़ी की स्टार सारा अली खान ने खुलासा किया है कि कभी-कभी ऐसा होता है, जब वह सकारात्मक महसूस नहीं करती हैं। ऐसे समय में उनकी मां और बॉलीवुड अभिनेत्री अमृता सिंह ही वह इंसान होती हैं, जो उनकी सारी समस्याएं सुलझा देती हैं। अभिनेत्री अमृता सिंह और अभिनेता सैफ अली खान की बेटी सारा ने बताया, कई दिन ऐसे होते हैं जब मैं सकारात्मक महसूस नहीं करती हूं। यह सामान्य बात है और यह सब जीवन का हिस्सा है। तब मुझे लगता है कि मेरे पास एक महान मां है और वो मेरी हर समस्या का हल है। उनके जैसी मां होने के बाद यह संभव ही नहीं है कोई सकारात्मक न रहे। वह आगे कहती हैं, मुझे लगता है कि मेरे मुकाबले उन्होंने अपनी जिंदगी में बहुत कुछ झेला है। यदि वह इस रास्ते पर सिर ऊंचा करके चल सकती हैं और उनकी बेटी भी ऐसा ही करे तो मैं भी आपकी प्रशंसा पाने के योग्य हो जाऊंगी। काम को लेकर बात करें तो सारा की हाल ही में फिल्म कुली नं 1 डिजिटली रिलीज हुई थी। अब वे अतरंगी रे में अक्षय कुमार, धनुष और निमरत कौर के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय ने किया है और फिल्म हिमांशु शर्मा ने लिखी है।

# नेलपेंट इस्तेमाल करने वाली लड़कियों को पता होनी चाहिए ये 5 बाते



लड़कियों को नेलपेंट लगाने का बहुत शौख होता है। किसी भी अवसर पर लड़कियां नेलपेंट लगाने से नहीं चुकती है लेकिन क्या आप जानते हैं नेलपेंट हमारे लिए काफी नुकसानदायी हो सकती है लेकिन इसका अंदाजा शायद आपको ना हो। आज हम आपको उन्ही कुछ नुकसानों के बारे में बताने जा रहे हैं जो नेलपेंट का इस्तेमाल करने से आपको होते हैं....

1. नेलपेंट में पाए जाने वाले केमिकल आपके डाइजेस्टिव सिस्टम और नर्वस सिस्टम पर गलत असर भी डालते हैं , जिसकी वजह से आपके शरीर का पूरा सिस्टम बिगड़ जाता है। इसलिए हद से ज्यादा नेलपेंट का इस्तेमाल ना करें।

2. शोध के अनुसार नेलपेंटमें ट्रिफेन्यल फॉस्फेट नामक जहरीला पदार्थ पाया जाता है। जो हमारे लिए नुकसानदायी होता है और इसका जिक्र नेलपेंट की बॉटल पर भी नहीं होता है।

3. नेलपेंट में पाए जाने वाले केमिकल और जहरीले पदार्थों से कैंसर जैसी गंभीर समस्या भी हो सकती है।

4. नेलपॉलिश के ज्यादा इस्तेमाल की वजह से आपके नाखून भी खराब हो जाते हैं। इससे नाखून पीले और कमजोर हो जाते हैं। नाखूनों की चमक चली जाती है। इसलिए आप जरूरत के समय ही नेलपेंट का इस्तेमाल करें।

ऊंचे स्वर में पढ़ने वालों को मिलता हैं एक अनोखा फायदा!



अगर आपका बच्चा कोई पाठ याद नहीं कर पा रहा है तो उसे ऊंचे स्वर में पढ़ने की आदत डालने को कहिए। एक अध्ययन में पता चला है कि जोर से पढ़ने से लंबी अवधि की याददश्त बढ़ती है। अध्ययन के नतीजों में सामने आया है कि बोलने और सुनने की दोहरी कार्यविधि %उत्पादन प्रभाव% का याददाश्त पर लाभकारी असर होता है। बोलने और सुनने से शब्द जाना-पहचाना बन जाता है और इस प्रकार उसके मस्तिष्क में प्रतिधारण यानी स्मृति में बने रहने की संभावना बढ़ जाती है। कनाडा के वाटरलू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कोलिन एम. मैकलियोड ने कहा अध्ययन में सक्रिय सहभागिता से सीखने और स्मृति के फायदे की पुष्टि होती है। उन्होंने आगे बताया जब हम सक्रिय उपाय या उत्पादन तत्व किसी शब्द के साथ जोड़ते हैं। तो वह शब्द ज्यादा विशिष्ट बनकर हमारी लंबी अवधि की स्मृति में रहता और वह स्मरणीय बन जाता है। मेमोरी नामक पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन में शामिल दल ने लिखित सूचनाओं को सीखने की चार विधियों का परीक्षण किया, जिनमें शांत होकर पढ़ना, किसी को पढ़कर सुनाना, अपने पढ़े हुए को रिकॉर्ड करके सुनना और जोर से पढ़ना शामिल था।

## वादों की झड़ी

सिद्धार्थ शंकर

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने संकल्प पत्र 2022 जारी कर दिया। इस संकल्प पत्र में कुल 130 वादे किए गए हैं। वहीं, सपा ने अपने घोषणा पत्र के साथ 22 के लिए 22 संकल्प भी जारी किए हैं। भाजपा के संकल्प पत्र में कांग्रेस के वादे की तरह स्कूटी स्कीम से लेकर समाजवादी पार्टी की तरह किसानों को मुफ्त बिजली का वादा तक शामिल है। समाजवादी पार्टी ने सभी फसलों पर एमएसपी देने का वादा किया है। भाजपा ने भी इसे अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल कर लिया है। समाजवादी पार्टी ने गन्ना किसानों को 15 दिन के अंदर भुगतान करने की बात कही है। भाजपा ने कहा कि 14 दिन के अंदर गन्ना किसानों का भुगतान कराया जाएगा। देरी होने पर चीनी मील की तरफ से किसानों को ब्याज सहित भुगतान किया जाएगा। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने का वादा किया था। भाजपा ने भी इसे अपने संकल्प पत्र में शामिल कर लिया है। इसके अलावा भाजपा ने 25,000 करोड़ की लागत के साथ मुख्यमंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरू करने का वादा किया है। कांग्रेस ने कॉलेज जाने वाली छात्राओं को मुफ्त स्कूटी देने का वादा किया है। भाजपा ने भी इसे अपने संकल्प पत्र में शामिल कर लिया है। समाजवादी पार्टी ने वृद्धा और विधवा पेंशन को तीन गुना बढ़ाने का वादा किया है। भाजपा ने हर विधवा और निराश्रित महिला को 1500 रुपये प्रति माह का पेंशन देने का वादा किया। कांग्रेस ने हर साल तीन गैस सिलेंडर महिलाओं को मुफ्त देने का वादा किया है। भाजपा ने होली और दीपावली में दो गैस सिलेंडर मुफ्त देने का एलान किया। सपा ने भी साल में दो गैस सिलेंडर मुफ्त देने का वादा किया है। कांग्रेस ने पुलिस में महिलाओं की भर्ती बढ़ाने का वादा किया है। भाजपा ने तीन नई महिला बटालियन शुरू करने का एलान किया। इसके अलावा तीन हजार पिंक पुलिस बूथ बनाने का भी एलान किया। कांग्रेस ने सरकारी भर्तियों में महिलाओं की भागीदारी 25प्रतिशत करने का वादा किया है। भाजपा ने यूपीपीएससी समेत सभी भर्तियों में महिलाओं की संख्या दोगुना करने का एलान कर दिया। सपा ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण का वादा किया है। कांग्रेस ने महिलाओं को मुफ्त लोन देने का वादा किया। भाजपा ने एक करोड़ महिलाओं को एक लाख रुपये तक का लोन न्यूनतम दर पर देने का एलान कर दिया। भाजपा ने कन्या सुमंगला योजना की राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने का एलान कर दिया है। भाजपा ने गरीब बेटियों की शादी के लिए एक लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का एलान किया। पांच हजार करोड़ रुपये की लागत से स्वयं सहायता मिशन की शुरुआत का एलान भाजपा ने किया है। कांग्रेस ने 20 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया है। सपा ने सभी सरकारी पदों को भरने का वादा किया है। भाजपा ने कहा कि हर परिवार में कम से कम एक एक को रोजगार या फिर स्वरोजगार का अवसर देंगे। इसके अलावा सभी सरकारी रिक्तियों को भरा जाएगा। सपा और कांग्रेस ने युवाओं को टैबलेट और लैपटॉप देने का वादा किया है। भाजपा ने पिछली बार भी युवाओं को टैबलेट और लैपटॉप दिया था और इस बार भी अपने वादे को शामिल किया है। कांग्रेस ने प्रतियोगी छात्रों से फॉर्म की फीस न लेने का वादा किया है। भाजपा ने प्रतियोगी छात्रों को मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था कराने का वादा किया है। सपा ने हर जिले में खेल सुविधाओं को बढ़ाने का वादा किया है। भाजपा ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में जिम व खेल मैदान खोलने का वादा किया है।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय - एकात्म मानववाद के प्रतिपादक

**डॉ अशोक कुमार भार्गव**

भारत के सांस्कृतिक अभ्युदय की पवित्र भावना से ओतप्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद का दार्शनिक चिंतन वैश्विक कल्याण की विशुद्ध भारतीय परिकल्पना के शाश्वत विचार प्रवाह का वो अमृत कलश है जो समाज के अंतिम छोर पर खड़े शोषित, पीड़ित, निर्धन, निरीह और निराश व्यक्ति के समग्र उत्थान अर्थात अंत्योदय के प्रति समर्पित है। यह महज एक नारा नहीं वरन सर्वत्र मानव समाज का एकात्म रूप में दर्शन का जीवंत विचार है। यह यूरोपीय पुनर्जागरण के मानववाद से परे नए संस्करण में समग्र समाज को एक भिन्न दृष्टि से देखने के कारण नई समाज रचना का गतिशील प्रतिमान प्रस्तुत करता है।

पंडित उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को धनकिया, राजस्थान में हुआ था। बाल्यावस्था में ही माता पिता के स्नेह से वंचित, अनाथ दीनदयाल का लालन-पालन मामा की देखरेख में हुआ। विषम परिस्थितियों में भी वे प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा अर्जन तक सदैव प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कानपुर में अध्ययन के दौरान 1937 में उनकी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति रुचि जागृत हुई और संघ के संपर्क ने उनके जीवन की दिशा को बदल दिया। 1942 में उन्हें लखीमपुर का जिला प्रचारक नियुक्त किया गया। मामा जी के आग्रह पर वे प्रशासनिक सेवा परीक्षा में बैठे और उनका चयन भी हुआ लेकिन समाज में अंत्यजनों की दुरावस्था से आहत पंडित दीनदयाल ने सरकारी नौकरी को गुलामी मानकर उसका परित्याग कर दिया। जीवन में संघ की विचारधारा को पूर्णताः आत्मसात कर देश की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए अपना खिलता हुआ जीवन पुष्प, भारत माता के श्री चरणों में अर्पित करने का संकल्प धारण कर चल पड़े राष्ट्रभक्ति का अलख जगाने व राष्ट्र के सांस्कृतिक उन्नयन के लिए। उन्हें उत्तर प्रदेश के सह प्रांत प्रचारक का दायित्व मिला। 21 सितंबर 1951 को लखनऊ में विशाल सम्मेलन बुलाकर उत्तर प्रदेश प्रादेशिक जनसंघ की स्थापना की। इसी सम्मेलन में आपने जनसंघ को अखिल भारतीय रूप देने का प्रस्ताव रखा जो सर्वसम्मति से पारित हुआ और 21 अक्टूबर 1951 को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में दिल्ली में भारतीय जनसंघ ने अखिल भारतीय स्वरूप प्राप्त किया। दीनदयाल जी को जनसंघ का महामंत्री घोषित किया गया। आप 15 वर्षों तक भारतीय जन संघ के राजनीतिक रथ का संचालन करते रहे। 1963 में जौनपुर से लोकसभा का उपचुनाव भी लड़ा किंतु पराजित हुए उसके बाद आजीवन लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ा। राजनीति में विरोध के लिए विरोध के सख्त विरोधी दीनदयाल जी ने कहा कि सिद्धांत की बलि चढ़ा कर मिलने वाली विजय सच पूछो तो पराजय से भी बुरी है। ऐसी विजय हमें नहीं चाहिए। इस प्रकार राजनीति में रहकर भी उन्होंने सिद्धांत और व्यवहार तथा कथनी और करनी में संतुलित समन्वय की मिसाल कायम की।

राष्ट्र सेवा, समाज सेवा और व्यक्ति सेवा की भीष्म प्रतिज्ञा लेने वाले आजीवन ब्रह्मचारी पंडित दीनदयाल उच्च कोटि के विचारक, पत्रकार, दार्शनिक, प्रतिभा संपन्न लेखक, सजग राजनीतिज्ञ, निपुण संघटक, प्रभावी वक्ता और सफल आंदोलन कर्ता थे जिनका साहित्यिक जीवन भी अत्यंत गौरवशाली रहा। राष्ट्र धर्म (मासिक), स्वदेश (दैनिक) तथा पांचजन्य (साप्ताहिक) का प्रकाशन उनके मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। वस्तुतः रचनात्मक लेखनी के धनी पंडित दीनदयाल के लेखन का एकमात्र लक्ष्य भारत की प्रतिष्ठा वृद्धि अर्थात राजनीतिक दृष्टि से सुदृढता, सामाजिक दृष्टि से उन्नति और आर्थिक दृष्टि से समृद्ध राष्ट्र निर्माण रहा।

साधन और साध्य की पवित्रता में अटूट आस्था रखने वाले पंडित जी की सहजता सरलता और सादगी उनके व्यक्तित्व की विशिष्ट पहचान थी। उनके व्यक्तित्व के अनेक ऐसे प्रसंग, संस्मरण हैं जो वर्तमान परिपेक्ष में हमें प्रेरित और प्रोत्साहित करते हैं। एक बार की बात है किसी विश्वविद्यालय में चर्चा सत्र के दौरान पंडित दीनदयाल जी ने विदेशों में प्रकाशित नए ग्रंथों के संदर्भ दिए जो उस विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में पहुंचे ही नहीं थे या विश्वविद्यालय के प्रोफेसर भी नहीं जानते थे। उनके विद्वता पूर्ण प्रामाणिक और सारगर्भित भाषण से अभिभूत होकर एक प्रोफेसर ने कहा इस व्यक्ति की केवल वेशभूषा ही साधारण है वरना ये तो यह विद्वानों का विद्वान हैं। इनमें मुझे कहीं शरीर नजर नहीं आता। ऊपर से नीचे तक केवल बुद्धि ही बुद्धि के अलावा और कुछ है ही नहीं। वहीं एक प्रसंग में डॉक्टर मुखर्जी ने कहा कि जैसा मैं चाहता था वैसा ही साथी मुझे मिल गया और मुझे ऐसे दो दीनदयाल और दे दीजिए तो मैं सारे देश का नक्शा बदल दूंगा।

राष्ट्र के सांस्कृतिक उत्थान के लिए संकल्पित दीनदयाल जी का विश्वास था कि यह कार्य हमारे पुरुषार्थ से धर्म का संरक्षण करते हुए संपूर्ण राष्ट्र की संगठित कार्य शक्ति द्वारा ही किया जा सकता है। हमारी राष्ट्रीयता का आधार भारत माता है केवल भारत नहीं। माता शब्द हटा दीजिए तो भारत केवल जमीन का एक टुकड़ा मात्र रह जाएगा। मानव समाज को समग्रता में देखने का उनका अभिनव चिंतन बौद्धिक दृष्टि से प्रगल्भ, वैचारिक निष्ठा और नैतिक मूल्यों का पक्षधर था। संसार में एकता का दर्शन कर उसके विविध रूपों के बीच परस्पर पूरकता को पहचान कर उनमें परस्पर अनुकूलता का विकास करना तथा उसका संस्कार करना ही संस्कृति है। प्रकृति को ध्येय की सिद्धि के अनुकूल बनाना संस्कृति तथा उसके प्रतिकूल बनाना विकृति है। संस्कृति प्रकृति की अवहेलना नहीं करती। हमारी संस्कृति संपूर्ण जीवन का, संपूर्ण सृष्टि का संकलित विचार करती है। वह समाज जीवन के मूल आधारों के एक्य की बात करती है। इसके विपरीत पश्चिम विश्वास करता है कि जीवन में प्रगति का आधार राज्य और व्यक्ति के मध्य सदैव चलने वाला वर्ग संघर्ष है। पश्चिम के संघर्ष की यह अवधारणा संस्कृति अथवा प्रकृति का नहीं विकृति का द्योतक है। विकृति, प्रकृति एवं संस्कृति को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि छीन कर खाने को विकृति, भूख लगने को प्रकृति और मिल बांट कर खाने को संस्कृति कहते है। आर्थिक चिंतन में वह अर्थायाम शब्द का प्रयोग करते हुए उसे योग के प्राणायाम के संदर्भ में परिभाषित करते हैं। वे कहते हैं जैसे प्राणायाम में हम सांस अंदर खींचते हैं और बाहर निकालते हैं उसी तरह से हमें अर्थायाम में धन प्राप्त करना चाहिए परंतु कर के रूप में एक हिस्सा राष्ट्र को भी देना चाहिए तभी राष्ट्र आर्थिक दृष्टि से उन्नति कर सकेगा। वे उदाहरण देकर स्पष्ट करते हैं कि जैस रक्त एक स्थान पर एकत्र हो जाए तो थक्का बनकर स्वास्थ्य के लिए घातक बन जाता है ऐसे ही अर्थ भी एक ही व्यक्ति के पास बहुत अधिक मात्रा में इकट्ठा हो जाए तो वह सामाजिक स्वास्थ्य को प्रदूषित कर देता है। हमारी सांस्कृतिक चेतना राज्य और व्यक्ति को एक दूसरे का पूरक ही नहीं वरन सर्वांग का एक भाग मानती है। अतः यह नाता संघर्ष का नहीं वरन भाईचारे का है, समन्वय का है, आपसी सद्भाव और मैत्री का है। जैसे ऑक्सीजन हमें वनस्पतियों से मिलती है तथा वनस्पतियों के लिए आवश्यक कार्बन डाइऑक्साइड प्राणी जगत से प्राप्त होती है। इसी परस्पर पूरकता अथवा सहयोग के कारण ही संसार चलता है।

जीवन मैं अनेकता और विविधता होते हुए भी मूलभूत एकता है। वट वृक्ष विराट है। बीज सूक्ष्म हैं। बीज में वृक्ष अपनी संपूर्ण विशालता सहित समाया हुआ है। बीज की एकता ही पेड़ के मूल, तना, शाखाएं, पत्ते और फल के विविध रूपों में प्रकट होती हैं। अर्थात जो सूक्ष्म है वहीं विराट है। जो विराट है वही सूक्ष्म है। अतः सूक्ष्म और विराट में, व्यष्टि एवं समष्टि में तथा मनुष्य एवं समाज में द्वंद नहीं एकात्म भाव है जो जीवन को टुकड़ों में नहीं देखता। वह खंडित दृष्टि नहीं अपितु समग्र दृष्टि प्रदत्त करता है। आत्मीयता और सहानुभूति मानव की आध्यात्मिक चेतना है जो व्यक्ति और समाज के संबंधों में संतुलन स्थापित करती है। यही भारतीयता की उत्तरजीविता का प्राण है। विविधता में एकता अथवा एकता का विविध रूपों में व्यक्तिकरण ही हमारी संस्कृति का केंद्रीय भाव है, विचार है। इसीलिए वह एकात्मवादी है।

दीनदयाल जी ने भारतीय संस्कृति को शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समुच्चय निरूपित किया और मनुष्य के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से व्यष्टि, समष्टि, सृष्टि और परमेष्टी की कल्पना में धर्म, अर्थ, काम, और मोक्ष के चार पुरुषार्थ का प्रतिपादन किया।

## युवकत्व की पहचान

मनुष्य स्वतंत्र संकल्प का स्वामी होता है। उसका संकल्प जैसा होता है, व्यक्तित्व भी वैसा ही नाझमत हो जाता है। सृजन और ध्वंस के संस्कार मनुष्य के भीतर होते हैं। उन संस्कारों को वह संकल्पशक्ति के सहारे बदल सकता है। जिस व्यक्ति में विधायक भावों की प्रचुरता होता है वह ध्वंसात्मक संस्कारों को सृजनशीलता में बदल लेता है। निषेधात्मक भाव व्यक्ति को क्रूरता, हिंसा, अनुशासनहीनता, असदाचार की दिशा में प्रेरित करते हैं। जिस राष्ट्र और समाज में हिंसा का बोलबाला होता है, रास्ते चलते बेगुनाह लोगों को मौत के घाट उतार दिया जाता है, वह उस राष्ट्र और समाज का दुर्भाग्य होता है। उस दुर्भाग्य से बचने के लिए अहिंसक शक्तियों को जगाने और संगठित बनाने की जरूरत है। यह सच है कि हिंसक वारदातें आदमी के मन में दहशत पैदा कर देती हैं। दहशत की स्थिति में कोई भी व्यक्ति न तो सही ढंग से सोच सकता है और न ही अपनी क्षमताओं का उपयोग कर सकता है। भयोत्पादक परिस्थितियों का प्रभाव बच्चों और वृद्धों पर अधिक होता है। युवकों में भय की मात्रा कम होती है। वे जान-बूझकर खतरों को मोल लेते हैं। उनकी मानसिकता साहसिक काम करने की रहती है, किंतु इसमें भी विवेक की अपेक्षा है। विवेक के अभाव में युवक कुछ ऐसे काम कर लेता है, जो उसे उम्र से कई वर्ष आगे ढकेल कर जर्जर बना देते हैं। देश की युवा पीढ़ी सही अर्थ में अपने यौवन को सुरक्षित रखना चाहे और कोई कीर्तिमान स्थापित करना चाहे तो उसे प्रतिस्रोतगामी बनना होगा। अनुस्रोत में बहना सरल होता है। एक पतला-सा तिनका भी प्रवाह में बह जाता है।

# लता मंगेशकर : दिव्य, अलौकिक. महान आत्मा को श्रद्धांजलि

**राजेश कोठारी**

श्वेत-धवल वस्त्र पवित्रता के प्रतीक हैं। ये सन्यास या वैराग्य का प्रतिनिधित्व भी करते हैं। श्वेताम्बर जैन साधु श्वेत पोशाक ही धारण करते हैं। मगर भौतिक जगत के सन्दर्भ में ये रंग पवित्रता का प्रतिनिधित्व ही करता है। लता जी एक युग से श्वेत्र धवल साड़ी ही पहनती रही हैं ! साड़ी का बार्डर कुछ रंगीन हो सकता हो लेकिन बाक़ी की साड़ी सदैव 'श्वेत-सफ़ेद' ही रही। ये तय करना बहुत ही मुश्किल है कि श्वेत वस्त्रों ने लता जी के व्यक्तित्व को गरिमा प्रदान की है या लता जी के व्यक्तित्व ने इन वस्त्रों और इस रंग को।.

लता जी जिस फिल्मी दुनिया से सम्बन्धित रही हैं उसे काजल की कोठरी माना और समझा जाता रहा है। श्वेत वस्त्रों के साथ आधे दशक से भी ज़्यादा समय इस काजल की कोठरी में काट लेना यदि उनके अदम्य साहस एवं अप्रतिम जीवट का प्रतिबिम्ब है तो इन श्वेत वस्त्रों पे काजल की एक लकीर तक न लगने देना उनकी चारित्रिक पवित्रता और शुचिता का प्रबलतम प्रमाण।

कमोबेश तेरह साल की कच्ची उम्र, जब बचपन और बचपने से पूरा अलगाव भी नहीं हो पाता है तब पूरे परिवार का दायित्व अपने कोमल काँधों पर उठा लेना और एक ऐसे सफ़र पे निकल पड़ना जहाँ आने वाले वक़्त में हर एक मील का पत्थर भी खुद आप ही हों ; क्या किसी अलौकिकता या चमत्कार से कम माना और समझा जा सकता है। 'अलौकिकता' को तो शायद परमात्मा ने लता जी की स्थायी सहचरी बना दिया था। जब कभी उनके कंठ से स्वर-लहरी फूटती एक नवीन अलौकिकता से दुनिया का परिचय हो जाता। संगीत की देवी माँ शारदा के कंठ-स्वर की परिकल्पना भी लता जी को सुनने के पश्चात ही शायद हमारे मन मस्तिष्क में कुछ कुछ प्रामाणिक स्वरूप बना पायी है, ये कहना कहीं अतिश्योक्ति नहीं होगी।

शास्त्रीय संगीत के बेताज बादशाह बड़े गुलाम अली खाँ साहेब ने जिसकी स्वर लहरी सुन कर स्वयं का गायन ये कहते हुए रोक दिया हो कि 'जब कायनात में ऐसी दिलकश आवाज़ हो तो हमें गाने का हक़ ही नहीं है' उस आवाज़ का हम अगर दिल को झुकाकर अदब-एहतराम न करते तो ये ईश्वर के प्रति किया गया अपराध होता ! ईश्वर की विचक्षण कृति का आदर और अनुमोदन स्वयं ईश्वर का आदर-अनुमोदन होता है। सबसे बड़ी ख़ुशी की बात यही है कि हिन्दोस्ताँ की अवाम ने लता जी को बे-पनाह मुहब्बत से नवाज़ कर अपने भगवान को प्रसन्नता प्रदान करने के कम से कम एक अवसर का तो अवश्य सदुपयोग किया है।

लता जी को सुनना ज़्यादातर आध्यात्मिक अनुभव है। उनकी आवाज़ का प्रवाह आपको बहा लिये जाता है, आप कोशिश करके भी कहीं रुक नहीं सकते। उनके स्वर की शक्ति, उसका प्रवाह, उसका माधुर्य आपको आपके स्वयं के नियंत्रण से मुक्त कर अपने साथ ले जाता है। आप कुछ क्षण अपने भौतिक अस्तित्व को भूल जाते हैं, बस डूब जाते हैं उन स्वर लहरियों की गहन मदभरी गहराइयों में। काँटों से खींच कर ये दामन, तोड़ के बंधन बाँधी पायल सुनियेज.. ऐसा अहसास होता है जैसे कि बाँधी गई जलधारा ने सारे बंधन तोड़ दिये हों और अब अपने साथ सब कुछ बहा लिये जा रही हो। आयेगा आने वालाज्और कहीं दीप जले कहीं दिलज्की 'हॉन्टेडनैस' हो या आ जा रे..परदेसीज्की 'पहाड़ी रहस्यात्मकता', आज कल पाँव ज़मीं परज्की उन्मुक्त प्रसन्नता की अभिव्यक्ति हो या पंछी बनूँ उड़ती फिरूँज्में पवित्र उदात्तता की अभिव्यक्तिज..लता जी ने इनको इस तरह स्वर दिया है कि लगता है इन भावों की इनसे बेहतर अभिव्यक्ति संभव ही नहीं हैज.ऐसे सैकड़ों गीत रचनात्मक उत्कृष्टता के अपने आप में अनुपम साक्ष्य हैं। कोई हिन्दुस्तानी किशोर-युवक यदि अपनी कल्पना में किसी प्रेयसी की छवि का सृजन करता है तो निश्चित ही उसकी आवाज़ की परिकल्पना में लता जी की आवाज़ ही होती है। लता जी की सृजनात्मक उदात्तता और रचनात्मक सौंदर्य का इससे विचक्षण प्रमाण क्या होगा। लता जी के गायन के बारे में लिखने बैठें तो शायद हज़ारों पृष्ठ भी कम पड़ जायेंगेज। लता जी निस्संदेह भारत को ईश्वर की एक अनुपम भेंट थी ! आज़ाद भारत की सबसे बड़ी शख़्सियतों में उनका शुमार बिला-शक़ किया जा सकता है ! व्यक्तित्व एवं व्यवहार की गरिमा, तहज़ीब-अदब का एहतराम, दृड-निश्चय, ख़ुद्दारी, संघर्षशीलता, कभी न हार मानने का जज़्बा, चारित्रिक पवित्रता ये लता जी के जीवन के वो चमकते स्तंभ हैं जिनको न तो कोई विस्मृत कर सकता है ना ही सराहे बिना रह सकता है।

# श्री अजितनाथ भगवान का तप /जन्म कल्याणक

### सूडोकु नवताल- 5979

✱✱✱✱✲ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5978 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

इस जम्बूद्वीप के अतिशय प्रसिद्ध पूर्व विदेहक्षेत्र में सीता नदी के दक्षिण तट पर 'वत्स नाम का विशाल देश है। उसके सुसीमा नामक नगर में विमलवाहन राजा राज्य करते थे। किसी समय राज्यलक्ष्मी से निस्पृह होकर राजा विमलवाहन ने अनेकों राजाओं के साथ गुरू के समीप में दीक्षा धारण कर ली। ग्यारह अंग का ज्ञान प्राप्त कर दर्शनविशुद्धि आदि सोलहकारण भावना का चिंतवन करके तीर्थंकर नामकर्म का बंध कर लिया। आयु के अन्त में समाधिमरण करके विजय नामक अनुत्तर विमान में तेंतीस सागर आयु के धारक अहमिंद्र हो गये।

### गर्भ और जन्म

इन महाभाग के स्वर्ग से पृथ्वीतल पर अवतार लेने के छह माह पूर्व से ही प्रतिदिन जम्बूद्वीप के भरतक्षेत्र की अयोध्या नगरी के अधिपति इक्ष्वाकुवंशीय काश्यपगोत्रीय राजा जितशत्रु के घर में इन्द्र की आज्ञा से कुबेर ने साढ़े तीन करोड़ रत्नों की वर्षा की थी। ज्येष्ठ मास की अमावस के दिन विजयसेना ने सोलह स्वप्नपूर्वक भगवान को गर्भ में धारण किया और माघ शुक्ल दशमी के दिन अजितनाथ तीर्थंकर को जन्म दिया। देवों ने ऋषभदेव के समान इनके भी गर्भ, जन्मकल्याणक महोत्सव मनाये।

### तप

अजितनाथ की आयु बहत्तर लाख पूर्व की, शरीर की ऊँचाई चार सौ पचास धनुष की और वर्ण सुवर्ण सदृश था। एक लाख पूर्व कम अपनी आयु के तीन भाग तथा एक पूर्वांग तक उन्होंने राज्य किया। किसी समय भगवान महल की छत पर सुख से विराजमान थे, तब उल्कापात देखकर उन्हें वैराग्य हो गया पुनः देवों द्वारा आनीत 'सुप्रभा% पालकी पर आरूढ़ होकर माघ शुक्ल नवमी के दिन सहेतुक वन में सप्तपर्ण वृक्ष के नीचे एक हजार राजाओं के साथ बेला का नियम लेकर दीक्षित हो गये। प्रथम पारणा में साकेत नगरी के ब्रह्म राजा ने पायस (खीर) का आहार देकर पंचाश्चर्य प्राप्त किये।

### केवलज्ञान और मोक्ष

बारह वर्ष की छद्मस्थ अवस्था के बाद पौष शुक्ल एकादशी के दिन सायं के समय रोहिणी नक्षत्र में सहेतुक वन में सप्तपर्ण वृक्ष के नीचे केवलज्ञान को प्राप्त कर सर्वज्ञ हो गये। इनके समवसरण में सिंहसेन आदि नब्बे गणधर थे। एक लाख मुनि, प्रकुब्जा आदि तीन लाख बीस हजार आर्यिकाएँ, तीन लाख श्रावक, पाँच लाख श्राविकाएँ और असंख्यात देव-देवियाँ थीं। भगवान बहुत काल तक आर्य खंड में विहार करके भव्यों को उपदेश देकर अंत में सम्मेदाचल पर पहुँचे और एक मास का योग निरोध कर चैत्र शुक्ला पंचमी के दिन प्रातःकाल के समय सर्वकर्म से छूटकर सिद्ध पद प्राप्त किया।

पिछले भगवान आदिनाथ अगले भगवान संभवनाथ चिन्ह हाथी पिता महाराज जितशत्रु माता महारानी विजया वंश इक्ष्वाकु वर्ण क्षत्रिय अवगाहना 450 धनुष (अट्ठारह सौ हाथ) , देहवर्ण तप्त स्वर्ण सदृश आयु 72 लाख पूर्व वर्ष वृक्ष सहेतुक वन एवं सप्तपर्ण वृक्ष प्रथम आहार साकेतनगरी के राजा ब्रह्म द्वारा (खीर) पंचकल्याणक तिथियां गर्भ ज्येष्ठ कृ. अमावस्या अयोध्या जन्म माघ शु. 10 अयोध्या दीक्षा माघ शु.9 अयोध्या केवलज्ञान पौष शु.11 अयोध्या मोक्ष चैत्र शु.5 सम्मेद शिखर समवशरण गणधर श्री सिंहसेन आदि 90 मुनि एक लाख गणिनी आर्यिका प्रकुब्जा आर्यिका तीन लाख बीस हजार ,श्रावक तीन लाख श्राविका पांच लाख यक्ष महायक्ष देव यक्षी रोहिणी देवी माघ सुदी दशमी दिन जाये, त्रिभुवन में अति हरष बढ़ाये 7

- इन्द फनिंद जजें तित आई, हम इत सेवत हैं हुलशाई
- ह्रीं माघशुक्ला दशमीदिने जन्मंगलप्राप्ताय श्रीअजित0 अर्घ्यं नि0स्वाहा
- पौषसुदी तिथि ग्यारस सुहायो, त्रिभुवनभानु सु केवल जायो 7
- इन्द फनिंद जजैं आई, हम पद पूजत प्रीति लगाई 77
- ह्रीं पौषशुक्ला एकादशी दिनेज्ञान कल्याणक प्राप्ताय श्रीअजित0 अर्घ्यं नि0स्वाहा

## इन चुनावों का दूरगामी अर्थ

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

देश के पांच राज्यों में मतदान की शुरुआत हो गई है। इस बार लगभग सभी पार्टियों ने मतदाताओं को रिझाने के लिए बड़ी-बड़ी चूसनियां लटका दी हैं। फर्क इतना ही है कि इस बार ये चूसनियां बहुत देर से लटकाई गई हैं। हर पार्टी इंतजार करती रही कि देखें दूसरी पार्टी कौनसी और कौनसी चूसनियां लटकाती हैं। हम उससे अधिक मीठी और सुंदर चूसनी लटकाएंगे। इन सभी राजनीतिक दलों से कोई पूछे कि आपकी राज्य सरकारें इन चूसनियों के लिए पैसा कहां से लाएंगी? जो वायदे पांच साल पहले किए गए थे, वे आज तक पूरे नहीं हुए तो इन नए वायदों का एतबार क्या है? जो भी हो ये पांच राज्यों के चुनाव अगले आम चुनाव की भूमिका लिखेंगे। जो पार्टी भी, खास तौर से उत्तरप्रदेश में जीतेगी, वह 2024 में दनदनाएगी, इसमें जरा भी शक नहीं है। वहां कांग्रेस और बसपा की तो दाल काफी पतली होनेवाली है लेकिन यदि भाजपा जीत गई तो राष्ट्रीय स्तर पर योगी आदित्यनाथ का सिक्का दनदनाने लगेगा और उस जीत का सेहरा नरेंद्र मोदी के माथे बंध जाएगा। और यदि समाजवादी पार्टी जीत गई तो अखिलेश यादव के नेतृत्व या पहल पर देश के सारे विरोधी दल एक होने की कोशिश करेंगे और 2024 के आम चुनाव में मोदी-विरोधी मोर्चा खड़ा कर लेंगे। यह असंभव नहीं कि भाजपा-गठबंधन की छोटी-मोटी पार्टियां भी टूटकर विपक्ष की इस बारात में शामिल हो जाएं। उ.प्र. का यह प्रांतीय चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि देश के सबसे ज्यादा सांसद (80) इसी प्रदेश से आते हैं। इन चुनावों की एक अन्य विचित्रता यह भी है कि ये किंही राजनीतिक सिद्धांतों के आधार पर नहीं लड़े जा रहे हैं। जातिवाद और सांप्रदायिकता का जितना ढोल इन चुनावों में पिटा है, शायद किसी अन्य चुनाव में नहीं पिटा। योगी और मोदी हिंदू वोट बैंक पर लार टपका रहे हैं और सपा की कोशिश है कि पिछड़े, मुसलमान और दलित वोटों पर वह कब्जा कर ले। इन दोनों पार्टियों में से जो भी सरकार बनाएगी, अब अगले पांच साल उसका राज चलाना मुश्किल हो जाएगा। गठबंधन में घुसे नेता और दल अपनी सरकारों को बीच मझदार में डुबाकर चले जा सकते हैं। जहां तक किसानों का सवाल है, उनके वोट तो विपक्ष को मिलने ही है। सत्ता में जो भी आए, पंजाब और उत्तरप्रदेश के किसान उसका जीना हराम कर देंगे। दूसरे शब्दों में इन पांच राज्यों के चुनाव 2024 के आम-चुनाव के प्रतिबिंब तो बनेंगे ही लेकिन वे जिस तरह से हो रहे हैं, वह भारतीय लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। अगर ये शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होते हैं तो हम कम से कम यह संतोष कर सकेंगे।

# जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस पर बीपीएमयू की मासिक बैठक सम्पन्न



**कैलारस।** जनपद शिक्षा केंद्र कैलारस में विकासखंड परियोजना प्रबंधन इकाई की महत्वपूर्ण बैठक जनपद शिक्षा केंद्र कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें बैठक की अध्यक्षता बीईओ जयवीर सिंह जादौन द्वारा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बीआरसीसी दफेदार सिंह सिकरवार ने कहा कि 100 दिवसीय कार्य योजना को सभी शिक्षकों से पूर्ण कर उनके वीडियो डलवाए, निष्ठा के एफ एल एन प्रशिक्षण को समय सीमा में पूर्ण करावें इस दौरान प्रतिभा पर्व की संपूर्ण तैयारी व कहानी उत्सव, गणवेश एवं पाठय पुस्तकों की फीलि्डंग पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान एन एम एम के परीक्षा फॉर्म भरवाने पर जोर दिया गया। बीईओ जयवीर सिंह जादौन ने कहा के सभी शिक्षकों की अवकाश पंजी संधारित होना चाहिए तथा शासन के नियमानुसार ही अवकाश दिए जाएं, शिक्षकों की शैक्षणिक कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाए और कठोर दंडात्मक कार्यवाही के लिए मुझे प्रस्ताव भेजें। बैठक में अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक के साथ ही सभी कार्यों को समय सीमा में संपादित करने के निर्देश दिए गए। विद्यालय में मरम्मत कार्य, बाउंड्रीवॉल पेयजल, जीर्ण शीर्ण भवनों की मरम्मत पर भी चर्चा हुई। बैठक में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा केंद्र संबंधी तैयारियों के बारे में भी चर्चा की गई। बैठक में बीईओ जयवीर सिंह जादौन, उत्कृष्ट प्राचार्य संजीव शुक्ला, कन्या प्राचार्य श्रीमती प्रीति शर्मा, सेमई प्राचार्य नेतराम धाकड़, बीआरसीसी दफेदार सिंह सिकरवार, बीएसी नवीन प्रताप सिंह जादौन, रमाकांत शर्मा, फखरुद्दीन खान, श्रीनिवास बघेल, सीएसी राजेंद्र शुक्ला, सुभाष पाल, प्रमोद शर्मा, जीतेंद्र सिंह धाकड़, बृजमोहन उपाध्याय, ज्ञानसिंह धाकड़, शिवचरण धाकड़, लाखन सिंह धाकड़, महेश कुमार शुक्ला, किशोर कुमार ओझा, हाकिम सिंह धाकड़ आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## माथुर वैश्य महिला समाज ने मनाया बसंत उत्सव

### -जरूरतमंद बच्चों को भेंट की शैक्षणिक सामग्री



**अंबाह।** माथुर वैश्य महिला मंडल अंबाह द्वारा बुधवार को अध्यक्ष श्रीमती ममता प्रदीप गुप्ता के मार्गदर्शन में वसंत उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा आराधना के साथ की गई। इस अवसर पर खेलकूद मंत्री श्रीमती अंजलि मोहन गुप्ता ने कहा कि शरद काल में उत्पन्न कमल के समान मुखवाली और सब मनोरथ पूर्ण कर देने वाली मां शारदा सब संपत्तियों के साथ हर किसी के मुख में निवास करे। उन्होंने कहा कि ज्ञान के बिना मानव का जीवन निरर्थक है। कार्यक्रम में महिला कार्यकारिणी द्वारा बसंती रंगमय के साथ बहुत ही सुंदर श्लोक और भजन भी प्रस्तुत किए गए। श्रीमती अंजली मोहन गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी ऋतुराज वसंत का बडा महत्व है। इस समय प्रकृति में बदलाव के साथ ग्रीष्म ऋतु के साथ पेड पौधे पर नव पल्लव का आगमन होता है। इसकी छटा से नवजीवन का संचार होता है। आयोजन में जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी पेंसिल और बॉक्स जैसी शैक्षणिक सामग्री भेंट की गई। आयोजन में माता सरस्वती की विशेष पूजा अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना की गई। इस मौके पर श्रीमती ममता गुप्ता, अंजली गुप्ता, अनीता गुप्ता, सीमा गुप्ता, अंगूरी गुप्ता, निशि गुप्ता, स्नेह गुप्ता, रेखा गुप्ता, भूमि गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## एडीजी खेल ने किया स्टेडियम का निरीक्षण, दिए निर्देश

**मुरैना।** गुरुवार की सुबह एडीजी खेल विभाग रवि कुमार गुप्ता तत्कालीन पुलिस अधीक्षक मुरैना पहुंचे और स्टेडियम का निरीक्षण किया तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर अनेकों दिशा निर्देश दिए।



एडीजी खेल विभाग रवि कुमार गुप्ता ने कहा कि स्टेडियम के अलावा और भी कहीं जगह उपलब्ध हो तो खिलाड़ियों के लिए बहुत सी योजनाएं मुरैना में उपलब्ध कराई जा सकती हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, खेल अधिकारी प्रशांत कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान श्री गुप्ता ने स्टेडियम में बन रहे सिंथेटिक ट्रैक का निरीक्षण किया और तमाम दिशा निर्देश खेल अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के अलावा कहीं और भी जगह उपलब्ध हो तो मुरैना के लिए और भी योजनाएं दी जा सकती हैं। इस अवसर पर उन्होंने एथलीट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों से परिचय प्राप्त कर मेहनत कर जिले का नाम रोशन करने की बात कही।

## विधायक रजौधा ने 20 जरूरतमंद विकलांगों को किए ई-रिक्शा वितरित

**जौरा।** क्षेत्रीय विधायक सूबेदार सिह रजौधा ने अपने जौरा निवास रजौधा हाउस पर 20 गरीब जरूरतमंद विकलांगों को विधायक निधि से 10 लाख रुपये के ई-रिक्शा निःशुल्क वितरण किए।




ई रिक्शा पाकर विकलांग बेहद खुश हुए, उन्होंने आवागमन के लिए ई-रिक्सा स्वयं के लिए मददगार बताया है। जौरा विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि अभी मेरे कार्यकाल के 2 वर्ष बाकी है मेरा उद्देश्य है जौरा विधानसभा क्षेत्र के सभी विकलांगों को ई-रिक्शा होने चाहिए। मेरे द्वारा सभी विकलांगों को ई-रिक्शा उपलब्ध कराने का पूरा प्रयास रहेगा। उपस्थित सभी लोगों ने जौरा विधायक की तारीफ करते हुए कहा कि मुरैना जिले के किसी भी विधायक ने आज दिनांक तक गरीबों के लिए इतनी बड़ी राशि का वितरण नहीं किया है जो जौरा विधायक सूबेदार सिंह रजौधा द्वारा किया गया है, वह सराहनीय पहल है।

# क्रेटा कार व बोलेरो से अवैध शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार





**मुरैना।** रिठौरा कलॉ थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर से दो अलग-अलग स्थानों पर एक क्रेटा कार से एक आरोपी के साथ 13 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी, तो वही एक बोलेरो से 12 पेटी अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई शराब एवं गाड़ियों की कुल कीमत 24 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में अवैध शराब परिवहन एवं निर्माण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार की सुबह रिठौरा कलॉ थाना प्रभारी संजय सिंह किरार को मुखबिर से सूचना मिली कि नूराबाद टेकरी से मालनपुर रोड पर एक हुंडई क्रेटा कार में अवैध शराब भरकर लाई जा रही है। सूचना पर से पुलिस टीम ने पढावली मितावली चौराहे पर सफेद रंग की क्रेटा कार को रोक लिया और तलाशी लेने पर 13 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई, साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी सूचना पर पुलिस ने हाईवे बाईपास पर शनिचरा गेट के सामने चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी से 12 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा बरामद शराब एवं गाड़ियों की कीमत 24 लाख रुपए बताई गई ह। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सचिन पटेल, अरविंद भदौरिया, प्रधान आरक्षक शिशुपाल सिंह, आरक्षक मंगल सिंह, योगेंद्र सिंह, अनिल सिंह, प्रदीप सिंह, अभिषेक सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# 3 भैंस ले गए उधार, रुपए मांगे तो दी गोली मारने की धमकी



**मुरैना।** कोतवाली क्षेत्र के गणेशपुरा में प्रकाश नारायण से कुछ लोग 3 भैंस जनवरी माह में उधार ले गए और फरवरी में रुपए देने को कहा, जब फरियादी ने रुपए मांगे तो आरोपियों ने उसे गोली मारकर खत्म करने की धमकी दे डाली। अब पीड़ित व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस की शरण लेकर कार्यवाही की मांग की है। फरियादी प्रकाश नारायण शर्मा निवासी गणेशपुरा ने बताया कि संतोष शर्मा, बारेलाल शर्मा, अवधेश शर्मा, अमित शर्मा निवासी करौली वाली माता महलगांव सिटी सेंटर ग्वालियर फरियादी के पास आए और 3 भैंस एक लाख 80 हजार रुपए की उधार ले गए, जिसमें एक भैंस पड़ोसी सतीश पाराशर ने दिलवाई थी। उक्त लोगों ने 5 फरवरी को रुपए देने की बात कही, जब प्रकाश नारायण ने रुपए मांगे तो आरोपियों ने मना कर दिया और लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर जान से मारने की धमकी दी, साथ ही गाली गलौज किया। पीड़ित प्रकाश नारायण ने कोतवाली पुलिस को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है।



## वामन भगवान एक हजार वर्ष तक माँ अदिति के गर्भ में रहेः कान्हाजी



**मुरैना।** उत्तम पैलेस तुलसी कॉलोनी मुरैना में इन दिनों श्रीमद भागवत महापुराण की कथा का आयोजन किया जा रहा हैं। कथा का वाचन चंबल धरा के गौरव श्रीमद वल्लभाचार्य षष्ठम पीठ मथुरा के कृपापात्र शिष्य पं कान्हाजी महाराज सुसानी वाले कर रहे हैं। कथा के चतुर्थ दिवस में बलि वामन चरित्र, समुद्र मंथन, श्री राम जन्म, श्री कृष्ण जन्म की कथा और नंदोत्सव को सविस्तार सुनाया गया।

कथा वाचक कान्हाजी महाराज ने कहा कि ऋषि कश्यप के आदेशानुसार देवताओं की माता अदिति ने पुत्र प्राप्ति की कामना से पयोव्रत नामक व्रत किया, जिसके फलस्वरूप एक हजार वर्ष गर्भ धारण किया, तब भाद्रपद महीने की शुक्लपक्ष द्वादशी तिथि को श्रवण नक्षत्र और अभिजीत मुहूर्त में भगवान वामन प्रकट हुए। इनका नाम उपेंद्र था, तब ऋषि ब्रहस्पति के सहयोग से भगवान वामन ने राजा बलि के यज्ञस्थल में प्रवेश किया और राजा बलि से तीन पग भूमि की याचना की, जब भगवान वामन ने दो पग में ही सब कुछ माप लिया, तब राजा बलि से पूछा की अब तीसरे पग के रूप में पूर्ति करने राजा बलि ने अपना मस्तक झुकाते हुए कहा प्रभु मेरे सिर पर पैर रख दीजिये। उसी क्षण राजा बलि की धर्मपत्नी विन्ध्यावली बोली की प्रभु आप तीन पग पुनः भी माप सकते हैं मेरे सिर पर पैर रखिये, मेरे पति के सिर पर पैर रखिये और मेरे पुत्र बाणासुर के सिर पर पैर रखकर तीन पग की पूर्ति कर लीजिये कथावाचक ने भगवान श्री कृष्ण जन्म की कथा को भी सविस्तार सुनाया। सभी श्रोताओ ने भाव विभोर होकर आनंद प्राप्त किया। इस कथा के परीक्षित रामबरन शर्मा है। यह आयोजन 13 फरवरी तक चलेगा।

# स्व. ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया 10-10 घंटे काम



**मुरैना।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के द्वारा स्व. कुशाभाऊ ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुख की संरचना को लेकर प्रदेश भर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ता ने 21 जनवरी से 5 फरवरी तक प्रतिदिन 10 घंटे कार्य करने का जो लक्ष्य प्राप्त किया है, वह अतुलनीय है, वंदनीय है, अविस्मरणीय है। यह बात जिला उपाध्यक्ष मधु दंडोतिया ने कही। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता जो बूथ विस्तारक संरचना बनाने के लिए संगठन में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं के साथ रहकर जो कार्य किया है, वह बहुत सराहनीय योग्य है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पश्चिम के महामंत्री के द्वारा वार्ड क्रमांक 11 शक्ति केंद्र मैं बूथ क्रमांक 121, 122, 124, 125, 126, 127, 128 पर बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख बनाकर वार्ड क्रमांक 11 में कार्य करने वाले सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। साथ ही भारतीय जनता पार्टी की जिलाउपाध्यक्ष श्रीमती मधु दंडोतिया एवं नगर मंडल पश्चिम के महामंत्री दिनेश शर्मा को वार्ड क्रमांक 11 के विस्तारक एवं भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पश्चिम के मीडिया प्रभारी शैलेंद्र श्रीवास के द्वारा बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख की पुस्तक सौंपी गई। इस अवसर पर सहयोग एवं उत्साहवर्धन के रूप में भाजपा जिलामंत्री व मुरैना विधानसभा के विस्तारक रामरूप सिंह तोमर व भाजपा नगर मंडल पश्चिम के मंडल अध्यक्ष नितिन गुप्ता शक्ति केंद्र के संयोजक राजू सिकरवार शक्ति केंद्र के सह संयोजक मनोज शर्मा आईटी सेल प्रभारी आकाश भदौरिया, अमन कटारे, गौरव तोमर, दीपक व्यास, श्रीमती मीना गुर्जर सहित भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का योगदान सराहनीय रहा है।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए दृढ़ संकल्पित महिलाएं, बढ़ाया स्वाबलंबन की ओर कदमः डॉ प्रतिभा चतुर्वेदी

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**भिंड।** प्रान्त महिला प्रमुख डॉ प्रतिभा चतुर्वेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहर के जनता स्कूल बजरिया में जिले की स्वाबलंबन से जुड़ी महिलाओं की बैठक आयोजित की गई इस बैठक में मालनपुर, गोहद, मेहगांव व भिंड शहर की माताएं बहिने उपस्थित रही है बैठक में मुख्य रूप से महिलाओं को स्वाबलम्बी कैसे बनाया जाए इस विषय को लेकर विस्तार से चर्चा हुई बैठक में स्वदेशी जागरण मंच की महिला इकाई प्रान्त प्रमुख डॉ प्रतिभा चतुर्वेदी जी उपस्थित रही, उन्होंने कहा कि देश बदल रहा है महिलाओं की दशा में सुधार आ रहा है, समय के साथ साथ नारी शक्ति और सशक्त होती जा रही है। परिवर्तन प्रकृति का नियम है ये बात तो सत्य है, किन्तु परिवर्तन का क्या परिणाम हुआ है और क्या होगा और उस परिवर्तन को आने वाली पीढ़ी को किस प्रकार स्वीकार करती है और इससे क्या सीख लेती है ये बात अधिक महत्त्व रखती है। देखा जाए तो हर युग में प्रतिभाशाली महिलाएँ रही हैं और हर युग में उन्होंने अपनी प्रतिभा से समाज में उदाहरण प्रस्तुत किया है जैसे- सीता, सावित्री, द्रौपदी, गार्गी आदि पौराणिक देवियों से लेकर रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्या बाई होल्कर, रानी चेनम्मा, रानी पद्मिनी, हाड़ी रानी आदि महान रानियों से लेकर किरण बेदी से लेकर सानिया मिर्ज़ा आदि आधुनिक भारत की महिलाओं ने भारत को विश्व भर में गौरवान्वित किया और महिलाओं ने धरती पर ही नहीं अपितु अन्तरिक्ष में भी अपना परचम लहराया है इनमें



सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला प्रमुख हैं।

महिलाओं को कैसे आत्मनिर्भर व स्वाबलंबी बनाया जाए इसके लिए सरकार कई तरह की योजनाओं का संचालन कर रही है आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं का शसक्तीकरण कर रही है कई माताएं बहिने आज इस काबिल हो गई है कि वह पुरुषों की अपेक्षा अधिक प्रभाव शाली हो गई कई महिलाएं दूसरों को भी रोजगार देने में सक्षम हो गई हैं। रेखा शुक्ला संगिनी से सहायता समूह द्वारा सेनेटरी नैपकिन का कार्य किया जा रहा है ग्राम गजना में हैंड वॉश का काम भी किया जा रहा है जो रानी ओझा के द्वारा किया जा रहा है ग्राम जारी गोहद बोर्ड ब्लॉक में एक हरा पंचायत में मशरूम की खेती की जा रही है जिसमें सोनू कुमारी मालनपुर और लता दीदी शामिल है जिनको कलेक्टर द्वारा प्रोत्साहन राशि से भी सम्मानित किया गया है 20000 राशि अच्छा कार्य देखते हुए ग्राम सिमराव मैं संगीता भदोरिया सिलाई का कार्य कर रही है समूह के द्वारा जोड़ दिया जाता है उनसे यह दे दिया कार्य करती हैं भिंड शहर में नीलू भदोरिया नीलू वर्मा राम जानकी कुशवाह दीदी द्वारा कार्य किया जा रहा है जोकि टॉयलेट क्लीनर का कार्य कर रही है बखरी गांव की एक महिला जिसने कभी कंप्यूटर देखा भी नहीं था ऑनलाइन का कार्य कर रही है दसवीं पास जिसने कभी सोचा भी नहीं था कि वह ऑनलाइन का कार्य करेगी उसकी महीने की इनकम 20 से 25000 हो रही है वह गांव गांव में जाकर जागरूकता प्रोग्राम करके कैंप लगाकर छोटी-मोटी समस्याओं को दूर करती है ऐसे भिंड शहर और ग्राम में जो समूह बने हैं वह बहुत ही नेक कार्य कर रही हैं धूपबत्ती अगरबत्ती और झाड़ू का कार्य चल रहा है झोला अभियान के तहत दीदी या वेस्ट कपड़े से इस प्रोग्राम में जनता कॉलेज की बच्चियां व समूह की दीदी उपस्थित रहे समूह की अध्यक्ष रेखा शुक्ला सदस्य संगीता भदोरिया, नीलू ,रामजानकी, रेखा गर्ग, सोनू ,लता, रानी अन्य उपस्थित रहीं।



## सौरभ अग्रवाल ने किया अति दुर्लभ बी नेगेटिव ब्लड डोनेट 14 भी बार आज

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-जय माई मानव सेवा समिति के सदस्य सौरभ अग्रवाल जिन्होंने आज थैलेसीमिया मुस्कान पाल के लिए बी नेगेटिव ब्लड डोनेट किया मुस्कान पाल थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित बच्ची है जिसको हर 10 से 12 दिन के अंदर ब्लड लगता है उसका बहुत ही रेयर ब्लड ग्रुप बी नेगेटिव है जो बहुत कम मिल पाता है जय माई मानव सेवा समिति के सदस्य सौरभ अग्रवाल ने ब्लड डोनेट किया मुस्कान पाल थैलेसीमिया के लिए सौरभ अग्रवाल का बहुत-बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त करती है जय माई मानव सेवा समिति रक्तदान महादान मैं देता है दूसरों को नया जीवनदान।

## क्षत्रिय महासभा की बैठक हुई सम्पन्न, पुष्पेंद्र सिंह तोमर बने जिला निर्वाचन अधिकारी



**पुष्पांजली टुडे**

**मुरैना**- मुरैना मे प्रदेश महामंत्री श्री बलबहादुर सिंह तोमर के आवास पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान मे एक सामान्य बैठक आहूत की गयी जिसमे संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमान सुरेंद्र सिंह तोमर जी विशेष रूप से पधारे तथा निम्न पदाधिकारी भी उपस्थित हुए श्री श्याम सिंह तोमर राष्ट्रीय कार्यकारिणी श्री सतेंद्र सिंह भदौरिया प्रदेश अध्यक्ष युवा श्री वेदप्रकाश सिंह तोमर वर्तमान जिला अध्यक्ष मुरैना श्री महेन्द्र सिंह तोमर वर्तमान जिला अध्यक्ष ग्वालियर श्री हरिश्चन्द्र सिंह सिकरवार भूतपूर्व जिलाध्यक्ष मुरैना रघुराज सिंह तोमर उत्तम सिंह परमार शिशुपाल सिंह तोमर हिमांशु सिंह तोमर आशीष सिंह तोमर भदौरिया जी आकाश भदौरिया बैठक मे संगठन को मजबूती कैसे प्रदान की जाये तथा मुरैना जिला अध्यक्ष का निर्वाचन कब और कैसे होना है इस विषय पर भी चर्चा हुयी आदरणीय श्री सुरेंद्र सिंह तोमर जी ने श्री पुष्पेंद्र सिंह तोमर जी को जिलाध्यक्ष निर्वाचन के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया तथा हिमांशु तोमर और आशीष तोमर को उप निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया अंत मे श्री वेदप्रकाश सिंह तोमर जी और हरिश्चन्द्र सिंह सिकरवार जी निर्वाचन मे सभी प्रकार की मदद का आश्वाशन दिया है।

## पारले प्राइवेट लिमिटेड नामक फैक्ट्री कर रही है श्रमिकों का शोषण श्रमिकों ने खुद बताया!

**मालनपुर**/औद्योगिक क्षेत्र नगर परिषद मालनपुर के अंतर्गत संचालित पारले प्राइवेट लिमिटेड नामक फैक्ट्री श्रमिकों का शोषण कर रही है कलेक्टर द्वारा निर्धारित कलेक्टर रेट भी फैक्ट्री द्वारा नहीं दिया जा रहा और ना ही श्रमिकों के बीएफ एवं ईएसआई काटे जा रहे हैं और वेतन भी 15 से 20 तारीख में देती है श्रमिकों के शोषण के मामले में अब्बल दर्जे पर आ रही है यह फैक्ट्री श्रमिकों ने अपनी आपबीती स्वयं बताइए! इनका कहना है-रामसेवक बाल्मिक राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी यूनियन के मालनपुर के अध्यक्ष! 1ज़्पारले फैक्ट्री श्रमिकों की शोषण कर रही है जो सरासर गलत है इस संबंध में हमने लेवल स्पेक्टर को ज्ञापन दिया है अगर सुनवाई नहीं होगी तो कलेक्टर साहब को भी देंगे!

## दबोह पहुंचे मप्र शासन राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त डॉ.राजकुमार कुशवाह,हुआ जोरदार स्वागत





**अर्पित गुप्ता,उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-नगर में गुरुवार को मध्यप्रदेश शासन के बीज एवं फार्म विकास निगम के उपाध्यक्ष डॉ.राजकुमार कुशवाह पहुंचे।इस दौरान उनके साथ लहार भाजपा नेता योगेंद्र सिंह(पप्पू)भी मौजूद रहे।राज्यमंत्री के दबोह आगमन पर भाजपा नेता लालता कुशवाह के नेतृत्व में कुशवाह समाज के व्यक्तियों एवं अन्य लोगो के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया।यहां बता दें की राज्यमंत्री बनने के बाद श्री कुशवाह का प्रथम आगमन था जिसके चलते कुशवाह समाज के लोगो मे काफी उत्साह देखने को मिला।मीडिया से बातचीत के दौरान राज्यमंत्री मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि दबोह के लोगो के द्वारा इस प्रकार से स्वागत किया गया जिससे मुझे अत्यधिक खुशी हुई है।इस मौके पर मातादीन कुशवाह अमाहा,मेहरबान सिंह कुशवाह,दलवीर कुशवाह,नरेंद्र कुशवाह,रवि कुशवाह,गंगाराम कुशवाह,रिंकू कुशवाह,लल्लू परेछा बाले,लाल सिंह कुशवाह,रमेश कुशवाह आदि लोग उपस्थित रहे।

## गणपति पूजन के साथ आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का किया आगाज



### ईटन्दरा चारणान क्षत्रिय सीरवी समाज के संयुक्त तत्वाधान में आई माता प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित

**पुष्पांजलि टुडे। नरेश कुमार सिरवी**

**पाली रानी।** निकटवर्ती ईटन्दरा चारणान क्षत्रिय सीरवी समाज के संयुक्त तत्वाधान में पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आगाज गणपति पूजन से किया गया। ईटन्दरा चारणान आई माता प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम का आगाज बड़े ही धूमधाम से किया गया। समस्त सीरवी ईटन्दरा चारणान समाज के पंच कोटवाल जमादारी के मौजूदगी में गणपति बप्पा मोरिया कि पूजा अर्चना कर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। ईटन्दरा चारणान आई माता वडेर से गांव के मुख्य तालाब तक बड़े ही धूमधाम से गणपति बाबा मोरिया के नाम जय जयकारों के साथ नाच गानों से कार्यक्रम का किया भव्य शुभारंभ। ईटन्दरा चारणान सीरवी समाज के सामूहिक संयुक्त तत्वाधान में आयोजित आई माता प्राण प्रतिष्ठा विक्रम संवत 2078 माघ सुदी तेरस 14 फरवरी 2022 को सीरवी समाज के धर्मगुरु दीवान माधव सिंह के पावन सानिध्य में किया जाएगा।

## टीआई नहीं हटी तो पत्रकार करेंगें भूख हड़ताल

**जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार की रिपोर्ट**

**टीकमगढ़।** बुधवार के दिन थाना कोतवाली में टीआई प्रीति भार्गव ने एक पत्रकार अनिल रावत के साथ अभद्रता कर झूमा-झपटी की और मोबाइल छीन लिया। इसकी जानकारी जब पत्रकारों को हुई तब सभी पत्रकार एक जुट हो गये। पुलिस के इस कार्य की सभी ने निंदा की और एसपी के नाम एक ज्ञापन देकर टीआई प्रीति भार्गव को हटाने व उन पर कार्यवाही करने की मांग की है। मामला यह है कि पत्रकार अनिल रावत अपना एक आवेदन देने कोतवाली गये थे, तब टीआई प्रीति भार्गव दो पक्षों की बात सुन रहीं थी तब पत्रकार अनिल रावत से इंतजार करने की बात कही। जब अनिल ने पुनः आग्रह किया तो टीआई भड़क गई और फर्जी पत्रकार



बताकर मोबाइल छीनने की बात अपने सहयोगियों से कही जिसमें आरक्षक भवनेश्वर अग्निहोत्री और अन्य ने दुर्व्यवहार किया। अनिल का कहना है कि टीआई कहने लगी कि चीर दूंगी-फाड़ दूंगी और आरोप लगाये जा रहें है कि पत्रकार ने गाली गलौंच की। ज्ञात रहे कि कोतवाली पुलिस का जब एक पत्रकार के साथ यह रवैया है तो अन्य लौगों की हालात क्या होती होगी? सभी पत्रकारों ने मांग की है कि टीकमगढ़ टीआई को तत्काल हटाया जाये नही तो भूख हड़ताल करने हमसब मजबूर होंगे। इसकी एक शिकायत पत्रकारों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के समक्ष भेजी है। एएसपी एमएल चौरसिया ने जांच कराकर कार्यवाही करने का भरोसा दिया है। ज्ञात रहे कि शहर में पुलिस अब अपनी मनमर्जी से काम कर रही है। यही बजह है कि जब एक शरीफ आदमी कोतवाली में, रात्रि के समय रिपोर्ट लिखाने जाता है तो वह उपर से नीचे की ओर कांपता हुआ दिखता है। जनता को यह पुलिस का डर सताये जा रहा है। जिसके खिलाफ पत्रकार आंदोलन करने मजबूर हो रहें हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेंद्र अध्वर्यु, जितेंद्र सोनकिया, यशोवर्धन नायक, सुमित चौबे, मनोज बाबू चौबे, विष्णुदयाल श्रीवास्तव, रंजीत सिंह, अनुराग दीक्षित, अखिलेश लोधी, सौरभ खरे, समीर खान, सत्तार बाबा, रामेश्वर रजक, लोकेंद्र सिंह परमार, आमिर खान, अनिल जैन, शैलेंद्र द्विवेदी, मनोज खरे सहित आधा सैकड़ा पत्रकार मौजूद थे।

# अखिल शर्मा ने बैराड़ ब्लॉक में किया घर चलो, घर घर चलो अभियान

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी जिले की तहसील बैराड़ से है जहाँ जैसा कि विदित है मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशन पर शिवपुरी ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीप्रकाश शर्मा ने 01 फ़रवरी से पूरे ज़िले में क्षेत्र की जनता से सीधे जुड़ते हुए घर चलो घर घर चलो कार्यक्रम की शुरुआत की है लेकिन पोहरी विधानसभा के पोहरी-बैराड क्षेत्र में यह अभियान सुस्त पड़ा हुआ था, एक तरफ़ भाजपा नेता के स्वागत से विवादों में आए पोहरी ब्लॉक अध्यक्ष निष्क्रिय दिखाई दिए तो वही दूसरी ओर हार्ट सर्जरी करवा कर आए बैराड़ ब्लॉक अध्यक्ष स्वास्थ्य कारणो के चलते विश्राम में हैं ऐसे में क्षेत्र में कांग्रेस को मज़बूत करने का काम कर रहे नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष तकनीकी प्रकोष्ठ अखिल शर्मा ने आज घर चलो, घर घर चलो अभियान के तहत बैराड ब्लॉक के ग्राम केमरारा से शुरु कर ठेवला, भिड़ोली, ऊमरी, गोहरा, धौरिया, गाजीगढ़, सुमेढ़, धूम, कैमई, सतनवाड़ा,



नारायणपुरा, रईयन, बीलपूरा, बलरामपुरा, देवपुरा, बहवलपुर, दरगमां होते हुए ककरई तक एक सघन अभियान चला कर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का संदेश घर घर पहुँचाया इसके साथ ही सदस्यता अभियान भी किया और लगभग 450 लोगों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। उल्लेखनीय है कि पिछले डेढ़ महीने से अखिल शर्मा द्वारा पूरे पोहरी विधानसभा के सभी ब्लॉक में सदस्यता अभियान ज़ोर शोर से चलाया जा रहा है जिसकी मॉनिटरिंग शीर्ष नेतृत्व द्वारा लगातार की जा रही है जिसमें लोगों को सदस्य बनाने के साथ ही सदस्यता संबंधी नेम प्लेट स्टिकर भी कांग्रेस सदस्य के घर के दरवाज़े पर चिपकाया जा रहा है।

इस दौरान मध्यप्रदेश कांग्रेस तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अखिल शर्मा, जिला कांग्रेस सचिव पुरुषोत्तम शर्मा, मोहन सिंह यादव, नाथूराम शर्मा धौरिया, जगमोहन सिंह यादव, केशव सिंह फौजी, राणा बंजारा, बैराड़ किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष उदय यादव, भरत शर्मा, रमन शर्मा, संपूर्ण शर्मा गाजीगढ़, अजमेर सिंह यादव, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विवेक शर्मा, चिम्मन शर्मा, अनिल सेन, संदीप उपाध्याय, अभय शर्मा, युवक कांग्रेस जिला सचिव अमन सिद्दीकी आदि उपस्थित रहे।



कांग्रेस कमेटी जौरा के ब्लॉक अध्यक्ष आदरणीय भानु प्रताप सिंह सिकरवार जी को शादी की सालगिरह की बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं



अभाविप गोहद नगर द्वारा भारत रत्न, स्वर कोकिला स्व लता मंगेशकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् गोहद नगर द्वारा भारत रत्न स्वर कोकिला स्व लता मंगेशकर जी को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर नगर मंत्री सत्यम् गुर्जर नगर उपाध्यक्ष प्रदीप नरवरिया जी , राहुल मधुरिया जी, अनिल राजपूत जी , अजय पंडित जी, रामू कुशवाह जी, जयकिशन वर्मा जी,राहुल गॉड जी,राहुल राठौर जी रहे

## उज्जैन में हिजाब के समर्थन में लगाया भड़काऊ पोस्टर



**उज्जैन।** उज्जैन शहर के कोठी पैलेस पर अज्ञात व्यक्ति ने हिजाब के समर्थन में भड़काऊ पोस्टर लगा दिया। सुबह मार्निंग वाक करने गए लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके पुलिस ने वहां पहुंचकर पोस्टर को हटाया और मामले की जांच शुरू की। एसपी सत्येन्द्र शुक्ला ने बताया कि फिलहाल एक पोस्टर लगा मिला है। ये किसने लगाया, इसकी जांच कर रहे हैं।

## स्कूलों की मान्यता के लिए अंतिम तिथि आज

**भोपाल।** निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत प्रायवेट स्कूलों की मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिये ऑनलाइन आवेदन गुरूवार 10 फरवरी निर्धारित अंतिम तिथि तक किए जा सकेंगे। मोबाइल एप से मान्यता आवेदन करते समय प्रायवेट स्कूल को, आरटीई के मापदंडों की पूर्ति के लिए शाला में आवश्यक अधोसंरचना, कार्यरत शिक्षकों तथा स्कूल में आवश्यक संसाधनों की जीईओ टेग फोटो संलग्न करना अनिवार्य है। मोबाइल एप से सहज एवं साक्ष्य आधारित मान्यता आवेदन करने तथा मान्यता आवेदनों के निराकरण की व्यवस्था की गई है।

## उर्दू अकादमी द्वारा लेखकों से प्रतिष्टियां 18 तक आमंत्रित

**भोपाल।** संस्कृति विभाग की मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा इस वर्ष 6 अखिल भारतीय पुरस्कार और 13 प्रादेशिक पुरस्कार दिये जाने हैं। अकादमी द्वारा वर्ष 2019, 2020 और 2021 में प्रकाशित पुस्तकों पर भी पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है। अकादमी द्वारा सभी पुस्तक लेखकों से वर्ष 2021 में प्रकाशित पुस्तक की चार-चार प्रतियाँ, निर्धारित फार्म में 18 फरवरी, 2022 तक चाही गयी है। सभी लेखक फार्म और प्रतियाँ कार्यालय म.प्र. उर्दू अकादमी, मुल्ला रमूजी संस्कृति भवन, चाणगंगा रोड, भोपाल में निर्धारित तिथि से पहले जमा कर सकते है। निर्धारित फार्म म.प्र. उर्दू अकादमी की वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है।

## संत रविदास जयंती समारोह 16 फरवरी को

**भोपाल।** ग्राम पंचायत एवं जिला स्तर पर 16 फरवरी को संत रविदास जयंती समारोह आयोजित होगा। जिला एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजन प्रातः 11.30 बजे अनिवार्य रूप से प्रारम्भ किया जाएगा एवं उपस्थित अनुयायियों को राज्य स्तरीय कार्यक्रम का दोपहर 12 बजे से वेबकास्ट के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा। आयोजन में संत रविदास के भजनों का कार्यक्रम भी होगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर संत रविदास की जीवनी पर आधारित उद्बोधन कराया जाएगा। हितग्राही मूलक योजना में लाभांवित होने वाले 5 से 10 हितग्राहियों की जिला मुख्यालय के कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी।

## प्रदेश के आयुष महाविद्यालयों में ऑनलाइन काउंसलिंग 24 तक

**भोपाल।** प्रदेश के आयुष महाविद्यालयों में ऑनलाइन काउंसलिंग की प्रक्रिया 22 जनवरी से शुरू हुई थी, जो 24 फरवरी तक सीट आवंटन के साथ चलेगी। इसके बाद 25 फरवरी से विद्यार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया की जायेगी, जो एक मार्च तक चलेगी। आयुष संचालनालय ने ऑनलाइन काउंसलिंग की समय-सारणी जारी की है। ये काउंसलिंग बीएएमएस/बीएचएमएस और बीयूएमएस के लिये की जा रही है।काउंसलिंग में पंजीयन का कार्य 22 जनवरी से शुरू हुआ था, जो 9 फरवरी तक सम्पन्न हो गया है। काउंसलिंग में करीब 4 हजार विद्यार्थियों ने आवेदन दिये हैं। ऑनलाइन काउंसलिंग कार्यक्रम में केन्द्रीय आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली से अनुमति प्राप्त शासकीय/स्वशासी/निजी आयुष महाविद्यालयों को शामिल किया गया है।

## समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन

**भोपाल।** सहकारी समितियों का पंजीयन अब ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने हेतु संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। समितियों के पंजीयन हेतु विभागीय ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने हेतु आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है।

# ब्रह्माकुमारी आश्रम 75 बा आजादी अमृत महोत्सव स्वर्णिम भारत में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है

**मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**



पोरसा प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईशवरीय विस्व विद्यालय गांधीनगर आश्रम पर भाई सोनू परमार के जिला अध्यक्ष भाजपा युवामोर्चा बनाये जाने पर बी के रेखा वह आश्रम की सभी भाई बहनों ने शॉल श्रीफल स्मृति चिन्ह साफा पहनाकर किया स्वागत सम्मान जिस में रेखा बहन ने कहा कि हमारे देश को आप जैसे युवा नेताओ की आवश्कता है युवा अर्थात वायु के समान ऊंची उड़ाने भरते रहना अपने कार्यो को कुशलता और ईमानदारी से करना सोनु भाई सदैव अपने युवा नेताओं को भविष्य के लिए हर कार्य मे सक्षम बना देना सकारात्मक ऊर्जा से सदैव उनको सकारात्मक सोच की तरफ प्रेरित करना सोनू परमार ने कहा की आश्रम पर पहली बार आना हुआ यहा शान्ति का वायुमंडल है ईश्वर विराजमान है ऐसी देवी बहने यह समाज को बुराइयों से दूर करने में अपना समय दे रही है हम सभी शोभयशाली है जो मुझे ऐसी पावन भूमि पर आने का अवसर मिला आश्रम पर जो भी सेवाएं होगी उसे पूर्ण करूंगा और अपनी एक बुराई को छोड़ने का भी संकल्प करता हूं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा ब्रह्माकुमारी आश्रम को कई जन जागरूकता कार्यों के लिए आयोजक भी बनाया है जिसमें ब्रम्हाकुमारी परिवार जगह-जगह जाकर बुराइयों के प्रति स्वच्छता महिला सशक्तिकरण नशा मुक्ति अभियान जैसे कई कार्य करने है इस अवसर पर बीके रेखा बहन जिला उपाध्यक्ष साहिब सिंह तोमर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता चंद्रपाल सिंह सिकरवार राजेश शर्मा अभय भदोरिया राहुल पचौरी वंदना गुप्ता महिला मोर्चा अध्यक्ष बीके कंचन बहन जसराम गुप्ता बृज किशोर सिंह तोमर संदीप उपाध्याय कमल जाटव शिवराज सिंह तोमर अवधेश राजोरिया योगेश शर्मा विष्णु झा अर्पित गुप्ता आदि उपस्थित रहे

### विभागीय समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने दिये निर्देश

# अस्पतालों में उपचार सुविधाओं का साइन-बोर्ड लगाया जाए

**भोपाल।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि सभी अस्पतालों में उपचार की उपलब्ध सुविधाओं, विभिन्न प्रकार की जाँच और दवाइयों से संबंधित जानकारी के साइन-बोर्ड लगाये जायें। उन्होंने कहा कि उपचार, जाँच और दवाइयों की उपलब्धता के साथ आम नागरिकों को इनकी जानकारी होना भी जरूरी है। मंत्री डॉ. चौधरी एनएचएम मुख्यालय में स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे।



स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल और जिला अस्पताल में उपचार, विभिन्न प्रकार की जाँच और दवाइयों की उपलब्धता होने के बाद भी कई बार आम आदमी निजी अस्पतालों में जाते हैं। इसका एक बड़ा कारण आम नागरिकों को यह जानकारी नहीं होना है कि उनके समीप के सरकारी अस्पताल में इलाज की वे सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इसके लिये जरूरी है कि उन्हें जानकारी दी जाये। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश ने कोरोना टीका लगाने में दिये गये लक्ष्य के 100 प्रतिशत को प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सतत मॉनीटरिंग की आवश्यकता है। उन्होंने मैदानी अमले को गतिशील बनाने के लिये प्रभावी प्रयास करने की बात कही।

### बच्चों के हीमोग्लोबिन का रिकॉर्ड रखा जायेगा

एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शासकीय और शासकीय अनुदान प्राप्त स्कूलों और आँगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों के हीमोग्लोबिन का रिकॉर्ड रखा जायेगा। इसके लिये सभी बच्चों के खून की जाँच की जायेगी। स्कूल में ही हीमोग्लोबिनो मीटर से खून की जाँच कर हीमोग्लोबिन का स्तर पता किया जायेगा। इसके लिये आरबीएस के दल द्वारा शालाओं में वर्ष में एक बार और आँगनवाड़ी केन्द्रों में वर्ष में दो बार एनीमिया की जाँच की जायेगी। खून की कमी वाले चिन्हित बच्चों और किशोर-किशोरियों को उपचार के लिये औषधियाँ भी दी जायेंगी। गंभीर खून की कमी वाले (एनिमिक) बच्चों को स्वास्थ्य संस्थाओं पर रेफर किया जायेगा, जहाँ पर चिकित्सकों द्वारा उनकी पुन- जाँच कर यथोचित उपचार सुनिश्चित किया जायेगा।मंत्री डॉ. चौधरी द्वारा मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार कल्याण कार्यक्रम, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। एम.डी. एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## म.प्र.राज्य महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर में शिवपुरी की कु.प्रियंका वाल्मिक का हुआ चयन

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्वालियर में संचालित स्व.शिवाजीराव पंवार उत्कृष्ठ राज्य महिला अकादमी ग्वालियर में खिलाड़ियों के प्रवेश की अंतिम सूची जारी की गई। इस सूची में कु. प्रियंका वाल्मिक का चयन वर्ष 2021-22 हॉकी अकादमी हेतु किया गया है। कु.प्रियंका वाल्मिक का चयन अकादमी में होने पर जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी डॉ.के.के खरे एवं प्रशिक्षक, कर्मचारी व साथी खिलाड़ियों ने कु. प्रियंका वाल्मिक को बधाई दी।

उल्लेखनीय है कि खेल और युवा कल्याण विभाग म.प्र शासन एवं खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया द्वारा प्रदेश में हॉकी खेल को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से प्रदेश के चयनित 29 जिलो में हॉकी फीडर संचालित की जा रही है। श्रीमंत माधवराब सिंधिया जिला खेल परिसर में संचालित हॉकी फीडर सेटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाडियों का खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा माह सितम्बर 2021



में प्रतिभा चयन के माध्यम से चयन ट्रायल रखा गया, जिसमें संभाग स्तरीय प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु जिले की 04 बालिकाओं का विशेष प्रशिक्षण शिविर ग्वालियर में आयोजित किया गया था। उसके पश्चात अंतिम राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर हेतु जिले से 02 बालिका खिलाड़ी कु. प्रियंका वाल्मिक एवं नंदनी वाल्मिक का चयन हुआ था जिसका विशेष प्रशिक्षण शिविर ग्वालियर में दिनांक 01 जनवरी से 15 जनवरी तक आयोजित किया। इस प्रशिक्षण शिविर के उपरांत फाईनल चयन किया गया।

## कोरोना से मृत बताया गया शख्स जिंदा, पहुंचा अधिकारियों के सामने



**इंदौर।** इंदौर में कोरोना मृत्य मुआवजे में बड़े घोटाले का संकेत मिल रहा है. यहां एक अजब मामला सामने आया है. एक शख्स को कोरोना में मृत बताकर उसके नाम पर सरकारी मुआवजा वसूलने की तैयारी की जा रही थी. लेकिन ऐन वक्त पर वही व्यक्ति कलेक्ट्रेट में आ पहुंचा और बोला- मैं ज़िंदा हूं। इंदौर में एक जीवित व्यक्ति को मृत बताकर उसका मृत्यु प्रमाण पत्र जमा कर दिया गया।

मौत का कारण कोरोना बताया गया और मुआवजा राशि के लिए आवेदन कर दिया, पोल तब खुली जब पटवारी ने वेरिफिकेशन के लिए फोन किया, जिसे मृत बताया गया था उसके बेटे ने कहा पिताजी तो जिंदा हैं। मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन जांच कर रहा है।

### जिंदा का मृत्यु प्रमाण पत्र

पटवारी का फोन सुनकर जानकीलाल का बेटा अभिषेक भागा-भागा कलेक्टर कार्यालय पहुंचा. वहां सच में उनके पिता की मृत्य का सर्टिफिकेट देकर अनुग्रह राशि के लिए आवेदन दिया गया था. आवेदन में अभिषेक के पिता जानकीलाल की कोविड रिपोर्ट के साथ ही नगर निगम की ओर से जारी मृत्यु प्रमाण पत्र भी लगाया गया था. इतना ही नहीं अभिषेक का आधार कार्ड, बैंक पासबुक भी इस आवेदन के साथ जमा किए गए थे।

सांवेर में रहने वाले जानकीलाल और उनके बेटे अभिषेक के पैरों तले उस वक़्त जमीन खिसक गई जब उन्हें पता चला कि जानकीलाल को मृत बताकर राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली अनुग्रह राशि के लिए आवेदन किया गया है, अभिषेक के पास इंदौर कलेक्टर कार्यालय से पटवारी का फोन आया कि उनके पिता की कोविड से मृत्यु के बाद सरकार ने अनुग्रह राशि के लिए दिया गया आवेदन स्वीकृत कर दिया है।

## भारतीय जनता पार्टी गुंदोज मंडल महिला मोर्चा की कार्यकारिणी गठित

### गुंदोज भाजपा महिला मोर्चा मंडल महामंत्री की कमान साकडडा सरपंच धीरज देवासी के हाथ में

**पुष्पांजलि टुडे। नरेश कुमार सिरवी**

**पाली ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पुनीया महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अलका मुंदडा पाली भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष मनोहर कवर पाली जिला अध्यक्ष मंशाराम परमार गुंदोज मंडल अध्यक्ष गणेश पटेल के निर्देश अनुसार गुंदोज मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष मधु शर्मा ने अपने मंडल की कार्यकारिणी का गठन किया। गुंदोज भाजपा महिला मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष पद पर मंजु कंवर राजपुरोहित मादडी पिस्ता कंवर डिंगाई नाजु देवी आंजणा रुपावास गुंदोज भाजपा महिला मोर्चा मंडल महामंत्री सुमित्रा पटेल ऐडवोकेट भावरी प्रिती मेघवाल गुंदोज लीला गुरडाई प्रेम मेघवाल डिंगाई धीरज देवासी साकदडा इंदिरा सिरवी गिरादरा गुंदोज भाजपा महिला मोर्चा मिडिया प्रभारी कविता पटेल दयालपुरा एवं आईटी सेल प्रभारी सीमा शर्मा सहित 21



महिलाओं को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया है । सभी गुंदोज मंडल महिला मोर्चा टीम को केंद्र की मोदी सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक पहुचाकर पार्टी मे अधिक से अधिक महिलाओ को जोड़कर आगामी चुनावो मे देश व प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

गुंदोज भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष मधु शर्मा ने कार्यकारिणी का गठन करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी में नारी शक्ति का सम्मान करना पहली प्राथमिकता है। पार्टी अपने आगामी लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए अलग-अलग मंडल स्तर पर महिला मोर्चा टीम का गठन किया जा रहा है

## प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री 11 फरवरी को बूथ पर पहुंचकर मनायेंगे पं. दीनदयाल जी की जयंती

**भोपाल।** एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 11 फरवरी को प्रदेश के 65 हजार बूथों पर मनेगी। पार्टी नेता, जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी बूथ केन्द्रों पर पहुंचकर पं. दीनदयाल जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान भोपाल जिले के एक-एक बूथ पर पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होंगे। पार्टी के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष एवं समर्पण निधि संग्रह अभियान के प्रदेश प्रभारी अनिल जैन कालूहेडा ने बताया कि 11 फरवरी को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती प्रदेश भर में मनेगी।

## पार्षद पद के उप निर्वाचन के लिए कार्यक्रम घोषित

**भोपाल।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों में पार्षद पद के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। कुल 21 पार्षदों का निर्वाचन विभिन्न नगरीय निकायों में किया जायेगा।सचिव राज्य निर्वाचन आयोग बी.एस. जामोद ने जानकारी दी है कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 11 फरवरी को होगा और उसी दिन से नाम निर्देशन-पत्र लिये जायेंगे। नाम निर्देशन पत्र18 फरवरी अपरान्ह 3 बजे तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा 19 फरवरी को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 21 फरवरी है। अभ्यर्थियों को निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन भी 21 फरवरी को होगा। मतदान 6 मार्च को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।

### प्रमुख सचिव ऊर्जा ने विद्युत कंपनियों की समीक्षा की

# बिजली उपभोक्ताओं को शीघ्र पेपरलेस बिल मिलेंगे : दुबे

**भोपाल।** प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे ने शक्तिभवन जबलपुर में विद्युत कंपनियों की समीक्षा करते हुए कहा कि विद्युत वितरण कंपनियां शीघ्र ही उपभोक्ताओं को कागज विहीन बिल (पेपरलेस) उपलब्ध करवाएँगी। दुबे ने इस दिशा में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा किए गए कार्य की समीक्षा की।

उपभोक्ताओं को पेपरलेस बिल के अंतर्गत एसएमएस, व्हाट्सएप और ई-मेल के माध्यम से उनके बिजली बिल मिलने लगेंगे। यह बिल पीडीएफ फार्मेट में भी रहेंगे और इनमें उपभोक्ता की खपत सहित संपूर्ण जानकारी रहेगी।

समीक्षा बैठक में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी, पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, डायरेक्टर टेक्निकल अविनाश कुमार वाजपेयी, पावर जनरेटिंग कंपनी के डायरेक्टर कॉमर्शियल प्रतीश कुमार दुबे और सभी विद्युत कपंनियों के वरिष्ठ अभियंता उपस्थित थे।



### ताप विद्युत उत्पादन निर्बाध व पूर्ण क्षमता के साथ हो

संजय दुबे ने पावर जनरेटिंग कंपनी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रयास किए जाएं कि ताप विद्युत उत्पादन निर्बाध व पूर्ण क्षमता के साथ हो। ताप विद्युत गृहों के मेंटेनेंस का विशेष ध्यान रखा जाए।

### सभी कॉमर्शियल कनेक्शनों को सत्यापित किया जाए

प्रमुख सचिव ऊर्जा दुबे ने निर्देश दिए कि सभी कॉमर्शशियल विद्युत कनेक्शनों को सत्यापित किया जाए। परीक्षण करें कि वे घरेलू कनेक्शन से तो संचालित नहीं किए जा रहे हैं। कॉमर्शियल कनेक्शनों के लोड की विशेष जाँच के साथ सभी डिवीजनों को एक माह के भीतर यह प्रमाण-पत्र देना होगा कि उनके द्वारा सभी कॉमर्शियल कनेक्शनों की जाँच पूर्ण कर ली गई है। विजीलेंस दस्ते के साथ सभी डिवीजन भी कॉमर्शियल कनेक्शनों की जाँच करें। उन्होंने कहा कि जाँच में विशेष ध्यान रखा जाए कि इस प्रकार की कार्रवाई में किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।

### चैक मीटर स्थापित करें

दुबे ने कहा कि व्यवसायिक क्षेत्र में बिजली प्रदाय पाइंट्स में चैक मीटर स्थापित कर उपभोक्ताओं की बिजली खपत की मॉनीटरिंग की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अप्रैल माह से फीडरवार मॉनीटरिंग के साथ इसके प्रभारी की जिम्मेदारी निर्धारित की जाए। उन्होंने गुणवत्ता की दृष्टि से सब स्टेशनों की ग्रेडिंग प्रणाली को लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रेडिंग प्रणाली के लागू होने से आपसी प्रतिस्पर्धा का लाभ उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष रूप से मिलेगा। दुबे ने कहा कि पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अंतर्गत प्रत्येक जिले के 25 से 50 कस्बा, गाँव या ग्राम पंचायत को चिन्हितत कर वहॉं विद्युत विकास के कार्यों को क्रियान्वित किया जाए। विद्युत विकास के कार्यों की नियमित समीक्षा भी की जाए।

### खराब ट्रांसफार्मर प्राथमिकता से बदले जाएं

संजय दुबे ने निर्देश दिए कि खराब ट्रांसफार्मर प्राथमिकता से बदले जाएं। उन्होंने विद्युत अभियंताओं को ट्रांसफार्मर फेल्योर रेट (असफलता दर) कम करने के निर्देश दिए, ताकि हानियों को नियंत्रितत किया जा सके। प्रमुख सचिव ने पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा अति उच्चदाब लाइनों के मेंटेनेंस के ड्रोन पेट्रोलिंग प्रजेन्टेशन को देखा। पावर ट्रांसमिशन कंपनी अति उच्चदाब लाइनों का मेटेनेंस करने के लिए ड्रोन पेट्रोलिंग का उपयोग करने की तैयारी कर रही है। ड्रोन पेट्रोलिंग के माध्यम से ज्यादा गहन तरीके से अति उच्चदाब लाइनों के व्यवधान का बचाव एवं नियंत्रण किया जा सकता है।

# कलेक्टर श्री सिंह ने जिला चिकित्सालय मुरार का किया औचक निरीक्षण



## सड़क खराब पाए जाने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने के दिए निर्देश

ग्वालियर। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने गुरूवार को जिला चिकित्सालय मुरार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों, वैक्सीनेंशन सेंटर व दवा वितरण केन्द्र सहित चिकित्सालय की अन्य इकाईयों का जायजा लिया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवायें 24 घंटे सुदृढ़ रहें। इस अस्पताल में खासतौर पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मरीज बड़ी उम्मीद के साथ आते हैं। इसलिये स्वास्थ्य सेवाओं में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने अस्पताल परिसर के पिछले हिस्से की सड़क क्षतिग्रस्त पाई जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित सड़क एजेन्सी के अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सड़क को जल्द से जल्द दुरूस्त कराएँ।

## हितग्राही को दिलाया राजीव आवास का कब्जा

ग्वालियर। नोडल अधिकारी सम्पदा श्री अरविंद चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देश पर आवास योजना के हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें तत्काल कब्जा दिलाया जा रहा है। इसी के तहत राजीव आवास योजना के अंतर्गत महलगांव पैकेज में एनजी-6 आवास पर किए गए अवैध कब्जे को संबंधित से खाली कराकर हितग्राही श्री रवि पुत्र देशराज को आवास का कब्जा दिलाया गया।

# एडीएम ने स्कूटर पर घूमकर थाटीपुर एवं सिटीसेंटर में देखी सफाई व्यवस्था, सिल्वर ओक होटल द्वारा गंदगी फैलाए जाने पर वसूला 5 हजार का जुर्माना



ग्वालियर। शहर की स्वच्छता के लिए हमारे निगम व प्रशासन के अधिकारी कितने संजीदा हैं कि एडीएम श्री इच्छित गढफाले ने आज सुबह सर्दी के मौसम में एक्टिवा स्कूटर पर सवार होकर ही थाटीपुर व सिटीसेंटर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग की तथा सिटी सेंटर में पटेल नगर स्थित होटल सिल्वर ओक के पास खाली प्लॉट पर होटल की गंदगी को देखकर तत्काल होटल संचालक को बुलाया और 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया तथा तत्काल गंदगी की साफ कराई। निरीक्षण के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चौहान एवं संबंधित वार्डों के डब्ल्यूएचओ उपस्थित रहे।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत नगर निगम ग्वालियर द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के लिए स्वच्छ ग्वालियर मिशन चलाया जा रहा है और अपने ग्वालियर की स्वच्छता के प्रति नगर निगम, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन इतना गंभीर है कि कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह एवं निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशन में नगर निगम के अधिकारियों के साथ ही जिले के प्रशासनिक अधिकारी भी निरंतर वार्ड-वार्ड घूमकर स्वच्छता का जायजा ले रहे हैं। इसी क्रम में आज गुरुवार को प्रातः एडीएम श्री इच्छित गढफाले ने बिना किसी लाव लश्कर के वार्ड 24, 28 एवं 30 के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूटर से ही भ्रमण कर गलियों में भी सफाई व्यवस्था देखी। जिसमें हरनाम का पुरा, इंदिरा नगर, शिवाजी नगर, कुम्हर पुरा, सिटी सेंटर पटेल नगर आदि क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को देखा और स्वच्छता के लिए कार्य कर रहे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### होटल सिल्वर ओक ने 90 हजार रुपए गारवेज शुल्क भी किया जमा

एडीएम श्री गढफाले द्वारा किए गए स्वच्छता निरीक्षण के दौरान होटल सिल्वर ओक के पास गंदगी मिलने पर की गई जुर्माने की कार्यवाही के दौरान निगम अधिकारियों ने बताया कि इनके द्वारा 90 हजार रुपए बकाया गारबेज शुल्क भी जमा नहीं किया गया जिसको लेकर एडीएम श्री गढफाले द्वारा होटल संचालक को तत्काल गारबेज शुल्क जमा करने की हिदायत दी गई जिस पर होटल द्वारा गुरुवार को सांय के समय सहायक सम्प्तिकर अधिकारी श्री महेश पाराशर को बुलाकर गारवेज शुल्क का चेक जमा कराया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जिस प्रकार परिवार में मॉ के प्रति होती है जिम्मदारी, उसी प्रकार निभाएं नगर निगम की जिम्मेदारीः पूर्व सभापति श्री बघेल

**स्वच्छता में सहभागिता का किया सम्मान**

ग्वालियर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वच्छता के प्रति जागरुक करने एंव स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए आज गुरुवार को वार्ड क्रंमाक 42 में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जनकगंज में कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता में सहभागिता करने वालों को सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व सभापति श्री गंगाराम बघेल, पूर्व अपर आयुक्त डॉ एम एल दौलतानी एवं उपायुक्त श्री जे एन पारा, माधव कालेज के प्रो संजय पांडे, जनकगंज स्कूल के प्राचार्य श्री अनिल कुमार जैन, वार्ड मॉनीटर श्री के सी अग्रवाल , श्रीमती ज्योतिसा मेहरा, शिक्षिका उपस्थित रहे। निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सेना एंव निगमायुक्त श्री किशोर कान्याल के निर्देश पर वार्ड वार चलाए जा रहे स्वच्छता जागरुक अभियान के तहत आज शासकीय स्कूल जनकगंज स्कूल में स्वच्छता जागरुक कार्यक्रम में निगम के पूर्व अपर आयुक्त श्री एम.एल दौलतानी के मुख्य आथित्य में हुआ। कार्यक्रम का शुंभारभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिभा पर माल्यापर्ण कर किया। इस मौके पर निगम के पूर्व सभापति श्री गंगाराम वघेल ने कहा कि नगर निगम का काम एक मां की तरह है। जैसे परिवार में मां कि जिम्मेदारी रहती है। सभी घरेलू कार्य करने की उसी प्रकार नगर निगम भी है। यह वात श्री वघेल ने कार्यक्रम में अध्यक्षता की आंशदी से कही। स्वागत भाषण के दौरान उपायुक्त श्री जे.एन.पारा ने सभी अतिथियों का माल्यापर्ण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन निगम के सहायक खेल अधिकारी श्री अयोध्याशरण शर्मा ने किया।

# फोटोग्राफी के क्षेत्र में युवाओ के लिये बहुत संभावनाये है फोटोग्राफी प्रदर्शनी युवाओं के लिये प्रेरणा दायक होगीः श्रीमती जयति सिंह

## रीजनल आर्ट एंड क्राफ्ट सेंटर में 7 दिवसीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी का शुभारम्भ




ग्वालियर। ग्वालियर फोटोग्राफी क्लब एवं ग्वालियर स्मार्ट सिटी के संयुक्त तत्वाधान में रीजनल आर्ट एंड क्राफ्ट सेंटर बैजाताल पर नवनिर्मित कला दीर्घा में आयोजित 7 दिवसीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी का गुरुवार को ग्वालियर स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती जयति सिंह के मुख्य आथित्य में शुभारम्भ किया गया। उन्होंने फोटोग्राफी प्रदर्शनी को प्रेरणादायक निरूपित करते हुए फोटोग्राफी सहीत नगर के कलाकारों को कला आयोजनों में ग्वालियर स्मार्ट सिटी के भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने फोटोग्राफी क्लब के प्रयासों को साधुवाद देते हुए इस तरह के आयोजनो को जरुरी बताया उन्होने बताया कि फोटोग्राफी के क्षेत्र में युवाओ के लिये अपार संभावनाये है और इस तरह की प्रदर्शनी उनके लिये प्रेरणा स्त्रोत का माध्यम बन सकती है। श्रीमती जयति सिंह ने पूरी गंभीरता से रूचि लेते हुए प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रदर्शनी में फोटोग्राफरो के कामों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

उल्लेखनीय है कि 7 दिवसीय इस फोटोग्राफी प्रदर्शनी के माध्यम से ग्वालियर व आस पास से जुड़े आयामों को छायाचित्रों द्वारा प्रदर्शित किया गया है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से ग्वालियर की स्थापत्य कला, प्रकृति व जन विविधता, जीवनशैली आदि आयामों पर प्रदर्शनी लगाया गया है। प्रदर्शनी में डॉ नीलकमल माहेश्वरी, श्री संजय दत्त शर्मा, श्री प्रतीक रावल, श्रीमती रूपा राज सहीत युवा सूश्री ऐशना के छाया चित्रो को प्रदर्शित किया गया है। ग्वालियर फोटोग्राफ़ी क्लब के उपाध्यक्ष श्री संजय दत्त शर्मा ने बताया कि आरएसीडीसी पर विकसित की गई गैलरी यहाँ के कलाकारों के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है जहां वे अपनी कला को प्रदर्शित कर सकते हैं। ग्वालियर फ़ोटोग्राफ़ी क्लब के सदस्य यहाँ प्रदर्शनी लगाकर काफी उत्साहित है और इस प्रदर्शनी से युवाओ को भी फोटोग्राफी के बारे मे जानने समझने का मौका मिलेगा। प्रदर्शनी 16 फरवरी तक दर्शकों के लिए प्रातः 11:00 बजे से शाम 5.00 बजे तक खुली रहेगी। उद्घाटन अवसर पर नगर के मूर्धन्य छायाकार, इस क्षेत्र के छात्र और नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# वार्ड 57 के सफाई मित्रों एवं निगम अधिकारियों का ब्रह्माकुमारीज संस्थान ने किया सम्मान

ग्वालियर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेंद्र पुराना हाईकोर्ट लेंन, खूबी की बजरिया स्थित सेंटर पर आजादी के अमृत महोत्साब से स्वर्णिम भारत की ओर थीम के अंतर्गत नगर निगम ग्वालियर के वार्ड 57 के सभी सफाई मित्रो का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर निगम उपायुक्त डॉ अतिबल सिंह यादव ब्रह्माकुमारीज संस्थान लश्कर की मुख्य संचालिका एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर ब्रह्माकुमारी आदर्श दीदी, ब्रांड एम्बेसडर बी. के. प्रहलाद भाई, वार्ड मॉनिटर बी. के. गुप्ता, ब्रांड एम्बेसडर डॉ. गुरचरण सिंह आदि मौजूद थे। साथ ही डब्ल्यू.एच.ओ. दीपक खरे , लोकेंन्द्र चिन्डालिया सहित लगभग 40 सफाई मित्रो का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बी.के.आदर्श दीदीजी ने सभी उपस्थित सफाई कर्मचारियों को जीवन में क्या महत्वपूर्ण है। इसको बहुत ही सुन्दर रीती समझाया साथ ही ये भी बताया की हम सभी हाथों से कर्म करते हैं परन्तु हमारी बुद्धि उस ईश्वर में लगी रहे तो हमारा काम बहुत अच्छे से और बिना थकावट के संपन्न होगा और सफलता भी अधिक मिलेगी। हम सभी को आज से ये पक्का करना है की मेरे दिन की शुरुवात उस ईश्वर को याद करके हो तो आप देखेंगे की धीरे धीरे आपके जीवन में भी परिवर्तन आने लग जायेगा। आज कमाई तो हर कोई कर रहा है परन्तु पुण्य कर्म की कमाई बहुत ही कम लोग कर पाते हैं आज बहुत से लोग ऐसे भी है जो अपनी आधे से ज्यादा कमाई व्यसनों को खरीदने में, नशा करने में ही बर्बाद कर देते हैं। तो अगर नशा करना ही है तो ईश्वरीय नशा करो क्योकि ये मानव जीवन बहुत अमूल्य जीवन है इसका सही रीती से उपयोग करें और ऐसे जीवन जियें की हम सभी दूसरों के काम आ सके। नगर निगम उपायुक्त डॉ अतिबल सिंह यादव ने सभी उपस्थित सफाई कर्मचारियों के कार्य की सराहना करते हुए बताया की आपकी काम के प्रति जो भूमिका रहती है। ये अवश्य ही स्वच्छ भारत मिशन को सफलता की और ले जा रही और अवश्य ही सफलता दिलाएगी क्योकि आप सभी का सहयोग बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसलिए आप सभी का बहुत बहुत धन्यवाद है की आप अपने तन मन से मेहनत कर रहे हैं और पूरे शहर को स्वच्छ बनाने में लगे हुए हैं। कार्यक्रम के अंत में आदर्श दीदी जी ने सभी को स्वच्छता के लिए संकल्प कराये एवं स्वच्छता के नारे भी लगाये।




# रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था से स्वच्छ हो रहे हैं बाजार



ग्वालियर। शहर की साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं सभी प्रमुख सार्वजनिक स्थलों व बाजारों की साफ सफाई व्यवस्था का उत्कृष्ठ बनाने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर के प्रमुख बाजारों में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था बनाई गई है जिसके चलते अब शहर के सभी प्रमुख बाजार एवं सार्वजनिक स्थल रात्रिकालीन सफाई से साफ व स्वच्छ हो रहे हैं। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा शहर के प्रमुख बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर विशेष अभियान चलाकर रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था की जा रही है। जिसमें बाजारों में सभी दुकानदारों से भी आग्रह किया गया है कि रात्रि के समय ही दुकानों से कचरा निकालकर दुकान की साफ सफाई कर लें, जिससे रात्रि में कचरा उठाया जा सकेगा, अन्यथा कई दुकानदार सुबह के समय दुकान की सफाई करके कचरा डालते हैं जो कि कचरा फिर सडक पर पडा रहता है। जिसके कारण दुकानदारों को समझाइश दी गई तथा दुकानदार भी सफाई के प्रति जागरुक हुए हैं और वह दुकान का कचरा रात को ही बाहर निकाल देते हैं जिससे रात्रि में सडक साफ हो जाती है तथा जब सुबह नागरिक अपने कार्य पर जाते हैं तो उन्हें शहर की सडके साफ व स्वच्छ मिलती हैं। रात्रि कालीन सफाई में सदर बाजार मुरार, बाड़े, दाल बाजार, शनिदेव मंदिर से जागृतिनगर चौराहा, गुरुद्वारा चौपाटी नदी गेट, मयूर मार्केट थाटीपुर, वार्ड 35 गस्त का तजिया से काजल टाकीज तक, वार्ड क्रमांक 24 थाटीपुर गांधी रोड, रॉक्सी रोड, स्टेशन बजरिया, वार्ड क्रमांक 13 में तानसेन रोड पर एलआईसी पुलिया से लेकर, पाताली हनुमान हजीरा चौराहे तक मेन रोड पर, सेवा नगर से किला गेट मेन रोड तक, हजीरा चौराहे पर, वार्ड 32 शिंदे की छावनी चौराहे से बेटी बचाओ चौराहे तक, वार्ड क्रमांक 3 सहित विभिन्न बाजारों में रात्रिकालीन सफाई अभियान चलाकर दुकानदारों से स्वच्छता में सहयोग देने की अपील की। वहीं शहर को साफ व स्वच्छ बनाने के लिये, सफाई व्यवस्था के साथ ही नागरिकों को सुविधाएं देने में अव्वल बनाने के लिए नगर निगम द्वारा बडे स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। जिसमें निगम द्वारा जहां स्वच्छता अभियान चलाकर शहर के सभी वार्डों व गलियों को साफ व स्वच्छ बनाया जा रहा है, वहीं शहर के सभी कचरा ठियों को हटाकर उनके स्थान का सौंदर्यीकरण किया रहा है। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से व डोर टू डोर कचरा संग्रहण से एकत्रित कचरा लेण्डफिल साइट भेजा जा रहा है।

# कर्म के न्यायालय में सभी का न्याय है, संसार में सबसे ज्यादा ईमानदार कर्म होते : मुनिश्री विहर्ष सागर



ग्वालियर। मनुष्य सच्चा सुख और संसार की सुख सुविधायें चाहता है, पर उसके अच्छे बुरे कर्म के अनुसार ही अच्छा और बुरा समय मिलता है। मनुष्य के द्वारा किये गये कर्म ही उसके जीवन का निर्णय करते हैं। कर्मो की गति ब?ी न्यारी होती है। कर्मों का न्यायालय ऐसा होता है जहां सबके लिये सामान्य न्याय होता है। कर्म ही मनुष्य को हंसाते और रूलाते हैं। व्यक्ति के किये गये कर्मों के अनुरूप ही प्रतिफल मिलता है। अगर द्रव्य मंगल है, क्षेत्र मंगल है और काल मंगल के बाद भी भाव मंगल न हों तो सब व्यर्थ है। यह विचार वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज गुरुवार को नई स?क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज मौजूद थे। मुनिश्री ने कहा आज दुनिया के कई देशों में साधन सम्पन्नता होने के बाद भी साधना नहीं है। इंडिया का मतलब साधनों में जीना है और भारत का मतलब साधना में।मनुष्य के पास गति है दिशा है लेकिन लक्ष्य नही है। जिसके कारण उचित परिणाम नही मिलते। साधक की अन्तिम लक्ष्य मोक्ष होता है लेकिन संसार के माया मोह में फंसकर उसका लक्ष्य बदल जाता है। अतः गति, दिशा लक्ष्य तीनों का होना जरुरी है। हमारा लक्ष्य हमारे हाथ में है दूसरे के हाथ में नही। आपके विचारों से तीनों चीजों का निर्धारण हो सकता है।

**मुनिश्री को शास्त्रभेंट कर धर्मसभा का शुभारंभ किया**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम धर्मसभा का शुभारंभ ब्राह्मचारिणी नीतू दीदी ने मंगल चरण कर किया। समाजजनों ने मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज के चरणों का पद प्रक्षालन व शास्त्र भेंट विनय स्वीटी कासलीवाल परिवार ने किया। मुनिश्री के चरणों में समिति के पंकल बाकलीवाल, अनिल जैन, जैन मिलन ग्वालियर के अध्यक्ष योगेश बोहरा, सचिव आशीष जैन, संजीव जैन, संजय जैन, मिखिल जैन आदि ने श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया।

**अच्छे कर्मो से जीवन में प्रभुता आती हैः मुनिश्री विजयेश सागरजी**

योगी धर्मवीर मुनिश्री विजयेश सागर महाराज ने कहा कि मनुष्य में दो तरह के आचरण होते हैं प्रभुता और पशुता का। जो अच्छे कर्म करते हैं, त्याग, तपस्या, साधना के साथ धर्मध्यान करते हैं उनका आचरण प्रभुता की श्रेणी में आता है और जो बुरे कर्म करते हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478